रोहतक, रविवार 4 अक्टूबर 2026 ■ अश्विन मास कृष्ण पक्ष-08/09 ■ वर्ष : 30, अंक : 241 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00

मौसम अधि. 38.5 न्यून. 19.6

haribhoomi.com

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

संभाषार ही नहीं, विचार भी

एशियन गेम्स 15वां दिन

09 पदक

गोल्ड	सिल्वर	ब्रॉन्ज	कुल
21	27	37	85

हॉकी : कप्तान हरमनप्रीत के डबल गोल से मिली गोल्डन जीत



हॉकी, क्रिकेट और आर्चरी में बरसा सोना

एजेंसी ▶▶| नागोया

एशियन गेम्स में शनिवार को भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य समेत कुल नौ पदक अपने नाम किए। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने फाइनल में पाकिस्तान को 19 रन से हराकर लगातार दूसरी बार एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक जीता। पुरुष हॉकी टीम ने भी मलेशिया को 5-1 से हराकर गोल्ड पर कब्जा जमाया और लगातार दूसरी बार चैंपियन बनी। तीरंदाजी में कुमकुम मोहोद ने महिला व्यक्तिगत रिकर्व में भारत को पहली बार स्वर्ण दिलाकर 48 साल का इंतजार खत्म किया, जबकि गोल्फ में प्रणवी शरत उर्स ने महिला व्यक्तिगत स्पर्धा का भारत का पहला गोल्ड जीता। कुश्ती में अमन सहरावत ने भी स्वर्ण अपने नाम किया। वहीं, महिला गोल्फ टीम ने रजत, अंतिम पंघाल ने कुश्ती में रजत और दीपक पूनिया तथा नीरज चौहान ने कांस्य पदक जीते।

(संबंधित पैकेज पेज-3,7 पर)



क्रिकेट

भारत ने पाकिस्तान को 19 रन से हराया

भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने फाइनल में पाकिस्तान को 19 रन से हराकर एशियन गेम्स 2026 का स्वर्ण पदक जीत लिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 211 रन बनाए। अभिषेक शर्मा ने 28 गेंदों में 61 रन और तिलक वर्मा ने 22 गेंदों में नाबाद 51 रन की शानदार पारियां खेलीं। शिवम दुबे ने भी 15 गेंदों में 27 रन बनाए। 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में छह विकेट पर 192 रन ही बना सकी। हसन नवाज ने 51 गेंदों में 96 रन की शानदार पारी खेली, लेकिन वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके।

तीरंदाजी

कुमकुम मोहोद ने 48 साल का इंतजार खत्म किया



तीरंदाजी में कुमकुम मोहोद ने महिला व्यक्तिगत रिकर्व में इतिहास रच दिया। उन्होंने फाइनल में दक्षिण कोरिया की येजिन ओह को शूट ऑफ में हराकर स्वर्ण पदक जीता। दोनों के बीच मुकाबला 5-5 की बराबरी पर खत्म हुआ, जिसके बाद शूट ऑफ में कुमकुम ने परफेक्ट 10 लगाया, जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी आठ अंक ही हासिल कर सकीं।

नीरज चौहान को कांस्य



तीरंदाजी की पुरुष व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में नीरज चौहान ने कांस्य पदक जीता। उन्होंने कांस्य पदक मुकाबले में हमवतन धीरज बोम्मादेवरा को 6-4 से हराया। नीरज ने शुरुआत से ही बढ़त बनाए रखी और मुकाबले के अंत तक इसे बरकरार रखते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया।

मलेशिया को 5-1 से हरा बना चैंपियन

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने फाइनल में मलेशिया को 5-1 से हराकर लगातार दूसरी बार एशियन गेम्स का स्वर्ण पदक जीत लिया। इस जीत के साथ भारत ने 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक का टिकट भी पक्का कर लिया। फाइनल में कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 11वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला, लेकिन मलयेशिया ने जल्द ही बराबरी कर ली। दूसरे क्वार्टर में जुगराज सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर भारत को फिर बढ़त दिलाई।

कुश्ती : पहलवान छाए, तीन पदक जीते

गोल्ड : झज्जर के अमन ने 11-7 से जीता मुकाबला



कुश्ती में भारत को झज्जर के अमन सहरावत ने एक और स्वर्ण पदक दिलाया। पुरुषों के 57 किलोग्राम भारवर्ग के फाइनल में अमन ने उत्तर कोरिया के चॉन्ग सॉन्ग हान को 11-7 से हराया। यह एशियन गेम्स 2026 में कुश्ती में भारत का दूसरा स्वर्ण पदक है। इससे पहले सुजीत कलकल ने पुरुषों के 65 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में गोल्ड जीता था।

सिल्वर : चोट ने बिगाड़ा हिसार की अंतिम का खेल



महिला कुश्ती के 53 किलोग्राम वर्ग में हिसार की अंतिम पंघाल को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। फाइनल में उन्हें जापान की माओ कियूका के खिलाफ 1-9 से हार का सामना करना पड़ा। पहले हाफ में कियूका ने 2-0 की बढ़त बनाई। अंतिम ने वापसी की कोशिश की, लेकिन दूसरे हाफ में पैर में चोट लगने के बाद उनकी मुश्किलें बढ़ गईं। कियूका ने इसका फायदा उठाते हुए लगातार अंक जुटाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

ब्रॉन्ज : 97 किग्रा फ्रीस्टाइल में दीपक ने दिलाया पदक



झज्जर के दीपक पुनिया ने पुरुषों के 97 किग्रा फ्रीस्टाइल में ब्रॉन्ज मेडल जीता। उन्होंने मंगोलिया के गंखुयाग गनबातर को 2-1 से हराया। आखिरी तीन मिनट में दोनों पहलवानों के बीच कड़ी टक्कर हुई। रेफरी ने दीपक को एक अंक दिया, लेकिन वे बढ़त बचाने में सफल रहे। दीपक ने लगातार दूसरे एशियन गेम्स में मेडल जीता है। उन्होंने 2022 हांगझोउ एशियन गेम्स में भी ब्रॉन्ज जीता था।

गोल्फ

प्रणवी उर्स ने रचा इतिहास



महिला व्यक्तिगत गोल्फ में प्रणवी शरत उर्स ने भारत के लिए ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता। चार राउंड के बाद प्रणवी का कुल स्कोर 15-अंडर-पार यानी -15 रहा। उन्होंने सिंगापुर की शैनन टैन और चीन की रुओनिंग यिन को एक शॉट से पीछे छोड़कर गोल्ड जीता। फाइनल राउंड में तीसरे होल पर ट्रिपल बोगी के कारण प्रणवी मुश्किल में आ गई थीं, लेकिन उन्होंने इसके बाद शानदार वापसी की। छठे, 10वें और 13वें होल पर बर्डी लगाकर उन्होंने मुकाबले में वापसी की।

झज्जर की दीक्षा डागर को सिल्वर



प्रणवी उर्स, अदिति अशोक और झज्जर की दीक्षा डागर की भारतीय महिला टीम ने भी गोल्फ में रजत पदक जीता। भारत का चार राउंड के बाद कुल स्कोर 546 शॉट यानी -14 रहा। चीन ने 538 शॉट के साथ -22 स्कोर कर स्वर्ण जीता, जबकि चीनी ताइपे को कांस्य मिला। यह एशियन गेम्स के महिला टीम गोल्फ इवेंट में भारत का पहला पदक है।

खबर संक्षेप

पाक आतंकी नेटवर्क से जुड़ा युवक गिरफ्तार

बेंगलुरू। कर्नाटक के बीदर से आतंकी गतिविधियों के आरोप में युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार युवक विशाल कुमार मेट्रे (24) पाकिस्तान में मौजूद आतंकी शहजाद भट्टी,राणा हनैन और नोमी खान के संपर्क में था। पुलिस ने खुफिया जानकारी के आधार पर उसे गिरफ्तार किया है। विशाल बीदर के भालकी तालुका के येनकूर गांव का रहने वाला है। वह भट्टी से व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम के जरिए संपर्क में था और अवैध हथियारों की तस्करी और बिक्री को लेकर बातचीत करता था। *एजेंसी*

चारधाम यात्रा पर आए 4 श्रद्धालुओं की मौत

देहरादून। उत्तराखंड में पिछले 3 दिन में अलग-अलग घटनाओं में चारधाम यात्रा पर आए 4श्रद्धालुओं की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई । राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार गंगोत्री धाम के दर्शन कर शुक्रवार को लौट रहे एक तीर्थयात्री की भटवाड़ी में तबीयत बिगड़ गई। परिजन स्वास्थ्य केंद्र ले गए, चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। *एजेंसी*



पाक राजदूत तलब, घुसपैठ पर जताया कड़ा विरोध

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने बताया है कि उसने भारतीय कार्यवाहक राजदूत को तलब किया है। इस पोस्ट में दावा किया गया है कि 2 अक्टूबर 2026 को अंतरराष्ट्रीय सीमा पर फिरोजपुर सेक्टर में भारतीय सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने दो पाक नागरिकों की हत्या की है। इसी घटना पर विरोध दर्ज कराने के लिए पाक में भारतीय कार्यवाहक राजदूत को तलब किया गया है। भारत ने कहा कि पाकिस्तान के सभी आरोप बेबुनियाद हैं। तीनों घुसपैठिए भारतीय सीमा में घुस आए थे। हालात देखते हुए कार्रवाई करनी पड़ी। *एजेंसी*

आर्थिक तंगी की वजह से की सुसाइड

गुरुग्राम का युवक नोएडा में बिल्डिंग के 43वें फ्लोर से कूदा

नोएडा (एजेंसी)। गुरुग्राम के युवक ने शनिवार को यूपी की सबसे ऊंची बिल्डिंग से कूदकर जान दे दी। उसने 68 मंजिला बिल्डिंग की 43वें फ्लोर से छलांग लगा दी। जमीन पर गिरते ही उसके शरीर के टुकड़े हो गए। ये टुकड़े 30-40 फीट दूर तक फैल गए। हर तरफ खून ही खून फैल गया। घटना सेक्टर-94 में सुपरनोवा सोसाइटी के एस्पायर टावर की है। घटना के वीडियो भी सामने आए हैं। इसमें संभव जैन (29) रेलिंग पर लटकता दिखाई दे रहा है। इससे पहले वह करीब 2-3 सेकंड तक रेलिंग पर चला। इसी बीच 4 युवकों ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन संभव हाथ छुड़ाकर कूद गया। जमीन पर गिरने के बाद हालत ऐसी थी कि पुलिस शव को बोरी में भरकर ले गई। शुरुआती जांच में आर्थिक तंगी की वजह से सुसाइड करने की बात सामने आ रही है।



शरीर के टुकड़े हुए, 30-40 फीट दूर गिरे

नई कीमतें शनिवार सुबह से लागू

नायरा का पेट्रोल 5 और डीजल 3 रुपये महंगा

नई दिल्ली (एजेंसी)। नायरा एनर्जी ने पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ा दी हैं। कंपनी ने पेट्रोल के दाम में 5 रुपये प्रति लीटर और डीजल में 3 रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया है। नई कीमतें शनिवार सुबह से ही लागू हो गई हैं। इस बढ़ोतरी के बाद भोपाल में एक लीटर पेट्रोल 119.54 और डीजल 102.64 का हो गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दामों में आई तेजी के बाद रिटेल कीमतों और बढ़ती लागत के बीच के अंतर को कम करने के लिए यह फैसला लिया गया है। इस साल की शुरुआत में जब ईरान संघर्ष के कारण ग्लोबल एनर्जी सप्लाई प्रभावित हुई थी, तब कंपनी ने 26 मार्च को भी पेट्रोल 5 और डीजल 3 प्रति लीटर महंगा कर दिया था। हालांकि, बाद में जब पश्चिम एशिया में तनाव कम हुआ और अंतरराष्ट्रीय क्रूड के दाम घटे, तो कंपनी ने 1 जुलाई को पेट्रोल 5 और डीजल 3 प्रति लीटर सस्ता कर दिया था।



कच्चा तेल महंगा होना बताई जा रही वजह

गुवाहाटी में वारदात, वीडियो वायरल

क्लब में महिला से बदसलूकी कपड़े उतारकर बुरी तरह पीटा

गुवाहाटी (एजेंसी)। असम के गुवाहाटी के खानापारा इलाके के एक नाइटक्लब में गुरुवार देर रात महिला से मारपीट और बदसलूकी का मामला सामने आया। आरोप है कि बाउंसरों ने महिला को कपड़े उतारकर पीटा। मामला द लोकल्स कैफे एंड लाउंज का है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। इसमें महिला पार्किंग एरिया में फर्श पर बिना कपड़ों के दिखाई देती है। दो महिलाएं उसे लात मारती नजर आती हैं, जबकि कई पुरुष आसपास खड़े हैं। पुलिस ने क्लब मैनेजर को हिरासत में लिया है। बिल्डिंग के सिक्योरिटी गार्ड ने बताया कि महिला अपने कुछ दोस्तों के साथ क्लब पहुंची थी। क्लब के अंदर उसने एक बाउंसर को बीयर की बोतल से मारा था। इसके बाद दूसरे बाउंसर उसे पकड़कर चौथी मंजिल से नीचे पार्किंग एरिया में ले आए।



बाउंसरों पर आरोप वीडियो में महिलाएं लात मारती दिखीं

सेना के जवानों ने चोरी किए हथियार, 7 गिरफ्तार

मुख्य आरोपी हवलदार, साथियों की मदद से ताले तोड़े

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

हैदराबाद में आर्मी फेसिलिटी से हथियार चोरी के मामले में शनिवार को 3 सेना कर्मियों समेत 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया। यह जानकारी मल्काजगिरी पुलिस कमिश्नर बी सुमति ने दी। इस मामले में मुख्य आरोपी तेलंगाना के नागरकुर्नूल जिले का पूर्व हवलदार उप्पुथल्ला मल्लेश है। उसे 11 सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। मल्लेश पर 30 और 31 अगस्त की दरमियानी रात बोलारम में कोटे और बटालियन मैगजीन से एके-203 असॉल्ट राइफलें और गोलियां चोरी करने का आरोप है। चोरी का सामान नागरकुर्नूल के अचामेप्ट में उसके पिता के घर छिपाया गया था। पुलिस ने बताया कि चोरी का पूरा सामान बरामद कर लिया गया है। जांच में किसी आतंकी या उग्रवादी संगठन से कनेक्शन नहीं मिला।

मिलकर की वारदात

पुलिस ने जांच के दौरान शनिवार को 7 और लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें 3 सेवारत सेना के जवान, पश्चिम बंगाल के 2 लोग, मुख्य आरोपी मल्लेश का एक चचेरा भाई और उसका एक दोस्त शामिल हैं। मल्लेश ने यह वारदात अन्य आरोपियों की मदद से की थी। पुलिस के मुताबिक, उसका मकसद बड़ी रकम जुटाने के लिए चोरी और लूट की वारदातें करना था। बी सुमति ने कहा, "जांच के अनुसार, मल्लेश ने अन्य आरोपियों की मदद से हथियार चुराए। उसका मकसद बड़ी संपत्ति से जुड़े अपराध करना था। किसी आतंकी या उग्रवादी संगठन से संबंध नहीं मिला।"

लूट की योजना बनाई

मल्लेश 20 बटालियन, मद्रास रेजिमेंट में हवलदार था। अनुशासनहीनता और खराब सेहत के कारण उसे इसी साल जून में समय से पहले रिटायर कर दिया गया था। कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। इसके बाद 22 सितंबर को पुलिस ने उसे हिरासत में लिया। जांच में पता चला कि मल्लेश पहले घरों में चोरी की वारदातों में शामिल रहा है। उसने आर्थिक परेशानी से जूझ रहे अपने चचेरे भाई और दोस्त के साथ मिलकर बड़ी लूट की योजना बनाई थी।

तिरुपति की फार्मा कंपनी में बॉयलर फटा, 5 की मौत

10 लोग घायल, श्री सिटी में हादसे के बाद रेस्क्यू जारी

तिरुपति (एजेंसी)। आंध्र प्रदेश के तिरुपति में श्री सिटी की एक फार्मा कंपनी में बॉयलर फट गया। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 10 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। धमाकों के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस जांच कर रही है। धमाका इतना तेज था कि बिल्डिंग का हिस्सा मलबे में तब्दील हो गया। सत्यवेडु मंडल में हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और इमरजेंसी सर्विस टीमें मौके पर पहुंची और राहत-बचाव का काम शुरू किया। एक अधिकारी के मुताबिक, बॉयलर फटने की सही वजह अभी पता नहीं चली है।



धमाकों के कारणों का पता नहीं चल पाया बिल्डिंग का हिस्सा मलबे में तब्दील हुआ

अमेरिका में हिंदू मंदिर पर ईंटों से हमला, खिड़कियां टूटीं

5 साल में 15 से ज्यादा बार मंदिरों को निशाना बनाया

ओहायो (एजेंसी)। अमेरिका के ओहायो में हिंदू मंदिर पर ईंटों से हमला किया गया। इसमें मंदिर को काफी नुकसान हुआ। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन के मुताबिक, दोपहर 1:30 बजे श्री स्वामीनारायण वडताल धाम हिंदू मंदिर को निशाना बनाया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक हमले में मंदिर की खिड़कियां टूट गईं। घटना के समय पुजारी और कई श्रद्धालु मंदिर के अंदर मौजूद थे। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज मौजूद है। अधिकारी इनकी जांच कर रहे हैं। हिंदू स्वयंसेवक संघ यूएसए के मुताबिक पिछले 5 साल में अमेरिका में हिंदू मंदिरों को निशाना बनाकर 15 से ज्यादा तोड़फोड़ की घटनाएं हुईं।



पुजारी समेत कई श्रद्धालु मौजूद, श्री स्वामीनारायण वडताल धाम हिंदू मंदिर में की वारदात

तेजस की डिलीवरी में देरी से हमारा नुकसान : एयर चीफ मार्शल

वायुसेना को हर साल 36-40 फाइटर जेट चाहिए

नई दिल्ली (एजेंसी)। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने शनिवार को कहा कि तेजस लड़ाकू विमानों को शामिल करने में हो रही देरी से भारतीय वायुसेना को नुकसान हो रहा है। मौजूदा हालात में चुनौतियों से निपटने के लिए हवाई ताकत बहुत जरूरी होती जा रही है और वायुसेना के पास फाइटर जेट स्क्वाड्रन की संख्या कम हो रही है। एयर चीफ ने कहा कि वायुसेना को अगले कुछ साल हर साल कम से कम 36-40 फाइटर जेट चाहिए। उन्हें उम्मीद है कि तेजस मार्क-1ए और फ्रांस से लिए जाने वाले राफेल जेट की आपूर्ति से स्थिति सुधरेगी। *(विस्तृत पेज-8 पर)*



114 राफेल की पेंडिंग डील को फरवरी में मंजूरी मिली

एयर चीफ मार्शल सिंह ने कहा कि भारत मल्टी-रोल फाइटर एयरक्राफ्ट डील को इसी वित्त वर्ष में अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि योजना के मुताबिक काम हुआ, तो ऐसा संभव है। फरवरी में भारत ने 114 राफेल फाइटर जेट खरीदने की लंबित योजना को मंजूरी दी थी। यह खरीद फ्रांस के साथ सरकार-से-सरकार समझौते के तहत होगी। यह भारत का अब तक का सबसे बड़ा रक्षा खरीद सौदा है। वायुसेना की युद्ध क्षमता बढ़ाने के लिए यह योजना करीब दो दशक पहले शुरू की गई थी।

बहादुरी को सलाम

इजरायली सुरक्षा एजेंसियों पर नियमों के उल्लंघन के गंभीर सवाल

बैन के बावजूद 12 ओमानी पायलट पहले भी उड़ा चुके विमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फ्लाईदुबई फ्लाइट में हुई घटना ने इजरायल की सुरक्षा एजेंसियों पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इजरायली अधिकारियों से कड़े सवाल पूछे जा रहे हैं कि ओमानी पायलट तेल अवीव कैसे आ पाए। इजरायल की एयरलाइंस में उन देशों के पायलटों पर रोक है जिनके इजरायल के साथ राजनयिक संबंध नहीं हैं, तो फिर आखिर फ्लाईदुबई फ्लाइट में ओमान का पायलट कैसे आ पाया। दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाइट में भारतीय पायलट स्मित माच्छर थे और को-पायलट के तौर पर ओमान का हमम अल-हम्मामी था। ओमान के पायलट ने प्लेन को क्रैश कराने की कोशिश की, लेकिन भारतीय पायलट ने को-पायलट के मंसूबों को विफल कर दिया और 174 यात्रियों की जान बचा ली। इस घटना के बाद से ही यह मामला सामने आया कि ओमान के इजरायल के साथ राजनयिक संबंध नहीं हैं, तो फिर ओमान का पायलट, इजरायल जा रही फ्लाइट में क्या कर रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक, 2020 के अब्राहम समझौते के बाद बने नियमों के तहत, उन देशों के पायलटों पर इजरायल में उड़ान भरने की रोक है जिनके इजरायल के साथ संबंध नहीं हैं।



कैप्टन स्मित से मिलने अस्पताल पहुंचे दुबई के क्राउन प्रिंस, गले लगाकर जताया आभार

दुबई। दुबई के क्राउन प्रिंस, शेक हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने भारतीय पायलट और फ्लाईदुबई के हीरो स्मित माच्छर से मुलाकात की। माच्छर का दुबई के अस्पताल में इलाज चल रहा है। भारतीय पायलट स्मित से मुलाकात के बाद दुबई के प्रिंस ने एक्स पर लिखा, 'हमारी और देश के नेतृत्व की ओर से, उन्हें हमारी पूरी सराहना और तारीफ मिलती है। हमें गर्व है कि वह हमारी टीम का हिस्सा हैं, हमारे देश की कहानी का हिस्सा हैं और उस चीज का हिस्सा हैं जिसके लिए यूएई खड़ा है। दया का देश, शांति का देश और जीवन का देश।'

इजरायल की ओमान के पायलटों पर रोक

रिपोर्ट के मुताबिक, शिन बेट सुरक्षा सेवा ने फ्लाईदुबई के पायलटों की राष्ट्रीयता या बैकग्राउंड की अलग से जांच नहीं की। इसके बजाय, उसने एयरलाइन से कहा था कि वे उन देशों के पायलटों का इस्तेमाल न करें जिनके इजरायल के साथ राजनयिक संबंध नहीं हैं।

खबर संक्षेप



मुख्यमंत्री ने श्रुति चौधरी को दी जन्मदिन की बधाई

चंडीगढ़। हरियाणा की कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने अपने जन्मदिन पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता से मिले आशीर्वाद और शुभकामनाओं के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि पूरे हरियाणा से मिले स्नेह, आशीर्वाद और शुभकामनाओं ने उनके जन्मदिन को विशेष बना दिया। श्रुति चौधरी ने कहा कि हरियाणा के लोगों के अपनत्व और आशीर्वाद से जनसेवा के संकल्प को नई ऊर्जा और विश्वास मिला है। उन्होंने कहा कि जनता का प्रेम और विश्वास उनके लिए अनमोल है।

कुरुक्षेत्र में एलिवेटेड ट्रैक के साथ सड़क को मंजूरी

चंडीगढ़। हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र में यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए रेलवे एलिवेटेड ट्रैक के समानांतर नई सड़क का निर्माण किया जाएगा। सरकार ने इस सड़क के निर्माण के लिए मंजूरी प्रदान कर दी है।उन्होंने बताया कि प्रस्तावित सड़क एलसी-61सी (विश्वविद्यालय गेट नंबर-3 के पास) से एलसी-65सी (पुराने बस स्टैंड के पास) तक बनाई जाएगी। यह सड़क रेलवे के राइट ऑफ वे में प्रस्तावित है और इसका निर्माण रेलवे से आवश्यक अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) और अन्य वैधानिक मंजूरियां प्राप्त होने के अधीन रहेगा।

किसानों के साथ अन्याय कर रही सरकार : अभय

चंडीगढ़। इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में मात्र 25 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी किए जाने पर कड़ा सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार किसानों के साथ मजाक करना बंद करे। गेहूं का एमएसपी 2,585 से बढ़ाकर 2,610 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। यानी किसान को एक क्विंटल गेहूं पर महज 25 रुपये की अतिरिक्त कीमत मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के साथ लगातार अन्याय कर रही है।

'चौटाला से चंडीगढ़' जन जागरण अभियान शुरू

चंडीगढ़। जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने कहा है कि देश व प्रदेश में जिस प्रकार राजनीतिक परिस्थितियां बन रही है, उनमें ये कहना जरूरी है कि युवा इसमें अपनी अहम भूमिका निभा सकता है और पिछले दिनों जंतर-मंतर पर युवाओं द्वारा किया गया प्रदर्शन इसका ज्वलंत उदाहरण है। इसी क्रम में जेजेपी ने जन जागरण अभियान की शुरूआत की है। वे गांव चौटाला में जेजेपी के जन जागरण अभियान 'चौटाला से चंडीगढ़' के तहत आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री आवास पर मुलाकात, तीन घंटे तक चली बैठक में कई मुद्दों पर मंथन

पीएम मोदी ने भाजपा विधायकों को दिया सेवा और जनभागीदारी का मंत्र

विधायकों से बोले प्रधानमंत्री- जनता से लगातार संवाद रखें, विकास कार्यों में जनभागीदारी बढ़ाएं



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, मंत्रियों और भाजपा विधायकों ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। करीब तीन घंटे चली बैठक में प्रधानमंत्री ने सरकार के कामकाज, विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्यों और जनता से सीधे जुड़ाव को लेकर विधायकों से चर्चा की। बैठक में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अर्चना गुप्ता और पार्टी के वरिष्ठ संगठनात्मक पदाधिकारी भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने विधायकों से अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में जनता से लगातार संवाद बनाए रखने और विकास कार्यों में जनभागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जनता को साथ लेकर विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। विधायकों से उनके क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों और सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन का फीडबैक भी लिया। प्रधानमंत्री ने विधायकों को किसानों और गरीब परिवारों के लिए काम करने के साथ प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने का सुझाव दिया।

भाजपा विधायकों के साथ मुलाकात सुखद रही : मोदी



प्रधानमंत्री ने शनिवार को नई दिल्ली स्थित 7, लोक कल्याण मार्ग पर हरियाणा के सभी भाजपा विधायकों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने इस मुलाकात को सुखद बताते हुए कहा कि विधायकों के साथ विभिन्न विषयों पर सार्थक संवाद हुआ। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर हरियाणा के भाजपा विधायकों के साथ हुई मुलाकात की जानकारी साझा की।

हरियाणा भवन में मुख्यमंत्री ने विधायकों से किया मंथन



प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा भवन में सभी भाजपा विधायकों के साथ बैठक की। इसके बाद उन्होंने मीडिया को बैठक की जानकारी दी और किसानों, गरीबों तथा आम लोगों की सेवा के संकल्प को दोहराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के नेता और कार्यकर्ता हर समय जनता के बीच रहकर सेवा करें, यही पार्टी का संकल्प है।बैठक में हरियाणा के सभी 48 भाजपा विधायक शामिल हुए। प्रधानमंत्री के साथ बैठक के लिए करीब दो घंटे का समय निर्धारित था, लेकिन चर्चा इससे अधिक समय तक चली। सभी विधायक पहले हरियाणा भवन में एकत्र हुए और मुख्यमंत्री के साथ बस से प्रधानमंत्री आवास पहुंचे। वर्ष 2014 में हरियाणा में भाजपा सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री के साथ प्रदेश के भाजपा विधायकों की यह पहली सामूहिक बैठक बताई गई है।

पीएम के मार्गदर्शन पर गांवों में पहुंचेगी सरकार, हर विधानसभा क्षेत्र में होंगी बैठकें : मुख्यमंत्री

प्रधानमंत्री मोदी के साथ बैठक के बाद मुख्यमंत्री सैनी ने बताया रोडमैप

हरियाणा में जनभागीदारी, प्राकृतिक खेती और सौर ऊर्जा पर जोर

चंडीगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हरियाणा के विकास, जनसेवा और संगठन को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए हैं। विकसित भारत के संकल्प से हरियाणा को मजबूती से जोड़ने के लिए सरकार और संगठन जनता के बीच जाकर काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में नियमित रूप से 30 से 35 गांवों में बैठकें आयोजित की जाएंगी। 250 से 300 लोगों की टोली महीने में एक बार गांवों में जाकर स्वच्छता अभियान चलाएगी और ग्रामीणों के साथ टिफिन बैठक कर स्थानीय समस्याओं पर चर्चा करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को केवल सरकारी कार्यक्रम न रखकर जनभागीदारी का अभियान बनाया जाएगा। सैनी ने कहा कि किसानों को अन्नदाता के साथ ऊर्जादाता बनाने की दिशा में काम किया जाएगा। पीएम-कुसुम योजना के तहत सौर ऊर्जा आधारित कृषि पंपों को बढ़ावा देने और किसानों को खेतों की मेड़ पर सामूहिक रूप से सोलर पैनल लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।



प्राकृतिक खेती को विस क्षेत्र वाइज बढ़ावा देंगे

प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कम से कम 1,000 किसानों को इससे जोड़ने का लक्ष्य रखा जाएगा। नहरों के रखरखाव, एफपीओ को मजबूत करने और किसानों को डिजिटल माध्यम से बाजार व कृषि संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया जाएगा।

पीएम-सूर्य घर योजना और ईवी चार्जिंग ढांचे को भी बढ़ावा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा के युवाओं को बड़े पैमाने पर कौशल विकास कार्यक्रमों से जोड़ा जाएगा। कौशल केंद्रों को मजबूत करने के साथ युवाओं को वैश्विक स्तर पर रोजगार दिलवाया जाएगा।

सफाई और सीवरेज कर्मचारियों की नियमित भर्ती के लिए कमेटी गठित

■ कर्मचारी नेता नरेश शास्त्री कमेटी में प्रतिनिधि नामित

चंडीगढ़ । हरियाणा सरकार ने 11 सितंबर को नपा कर्मचारी संघ हरियाणा के साथ समझौते के अनुसार नगर निगमों, नगर परिषदों एवं नगर पालिकाओं में सफाई और सीवर कर्मचारियों की नियमित भर्ती के मानदंड और चयन प्रक्रिया तय करने के लिए कमेटी गठित की है। शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने इस संबंध में 30 सितंबर को आदेश जारी किया है। कमेटी में शाश्वत सांगवान, मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), हरियाणा को अध्यक्ष, वीरेंद्र चौधरी, अतिरिक्त निदेशक, शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा को सदस्य और दिनेश कुमार शर्मा, अधीक्षक (स्थापना) को सदस्य सचिव बनाया है। कमेटी में नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के एक प्रतिनिधि को सदस्य के रूप में शामिल करने का भी प्रावधान है। संघ ने इसके लिए राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री को नामित किया है।शास्त्री ने कहा कि हड़ताल और कर्मचारियों की एकजुटता से हुए समझौते का लाभ पालिकाओं, परिषदों और नगर निगमों के विभिन्न कर्मचारी वर्गों को मिलेगा। उन्होंने बताया कि कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ सेवारत कर्मचारियों के साथ-साथ पेंशनर्स को भी मिलेगा। स्वीकार की गई अन्य मांगों के लागू होने से ग्रुप-सी एवं ग्रुप-डी कर्मचारियों को भी आर्थिक राहत और सामाजिक सुरक्षा मिलेगी। शास्त्री ने आरोप लगाया कि सरकार के आदेशों के बावजूद ठेकेदार मनमानी कर रहे हैं।

39.89 लाख बीपीएल-अंत्योदय परिवारों को मिलेगा 104 लाख लीटर सरसों तेल

■ अगस्त से अक्टूबर का बकाया सरसों तेल के वितरण की तैयारी

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने प्रदेश के करीब 39.89 लाख बीपीएल और अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) परिवारों को अगस्त, सितंबर और अक्टूबर 2026 के हिस्से का सरसों तेल उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। तीन माह के लिए करीब 104 लाख लीटर सरसों तेल राशन डिपो के माध्यम से वितरित किया जाएगा। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले निदेशालय की ओर से हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचएआईसीएल) प्रबंध निदेशक को भेजे पत्र के अनुसार, पात्र परिवारों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत परिवार के आकार के आधार पर 500 मिलीलीटर, एक लीटर या डेढ़ लीटर सरसों तेल प्रतिमाह दिया जाना है। विभाग अनुसार, अगस्त 2026 के लिए 30 लाख लीटर, सितंबर के लिए 37 लाख लीटर और अक्टूबर के लिए 37 लाख लीटर सरसों तेल की आवश्यकता आंकी गई है। इस तरह तीन महीनों के लिए कुल करीब 104 लाख लीटर तेल की आपूर्ति की जानी है। अगस्त के लिए करीब 8 लाख 500 मिलीलीटर की बोतलें और 26 लाख एक लीटर की बोतलें चाहिए। सितंबर के लिए करीब 10 लाख 500 मिलीलीटर और 32 लाख एक लीटर की बोतलें, जबकि अक्टूबर के लिए भी इतनी ही मात्रा में बोतलों की जरूरत बताई गई है।आदेश के मुताबिक, तीनों महीनों का सरसों तेल 10 से 15 अक्टूबर के बीच सभी जिलों के राशन डिपो तक पहुंचाने को कहा है, ताकि डिपो संचालक 15 से 20 अक्टूबर के बीच तेल प्राप्त कर सकें और 21 अक्टूबर से लाभार्थियों को वितरण शुरू किया जा सके।

प्रदूषण प्रमाण-पत्र के बिना अब नहीं मिलेगा पेट्रोल और डीजल

चंडीगढ़। दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी (एनसीआर) क्षेत्र में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए लागू किए जा रहे सख्त उपायों के मद्देनजर हरियाणा परिवहन विभाग ने राज्य के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से जुड़े जिलों में स्थित सभी पेट्रोल पंप संचालकों और ईंधन बिक्री केंद्रों को ईंधन भरने से पहले वाहनों के वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण-पत्र की अनिवार्य रूप से जांच करने के निर्देश दिए हैं। ये निर्देश वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निर्देश संख्या 101 के तहत जारी किए गए हैं। इसके अनुसार प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण-पत्र नहीं, तो ईंधन नहीं व्यवस्था 1 अक्टूबर, 2026 से दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में लागू हो गई है। हरियाणा सरकार द्वारा वाहनों से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए किए जा रहे व्यापक उपायों के तहत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के जिलों के पेट्रोल पंपों पर स्वचालित नंबर प्लेट पहचान प्रणाली लगाने और लागू करने का कार्य भी किया जा रहा है। वाहनों से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए उत्सर्जन मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को प्राथमिकता दी गई है। निर्देशों के तहत पेट्रोल, डीजल और सीएनजी बिक्री केंद्रों पर ऐसे वाहनों को ईंधन नहीं दिया जाएगा, जिसके पास प्रदूषण का प्रमाणपत्र नहीं है।

- एनसीआर जिलों के पेट्रोल पंपों पर सख्ती के निर्देश
- हिंदी और अंग्रेजी में चेतावनी बोर्ड लगाना अनिवार्य किया

नमो क्रिकेट लीग का ग्रैंड फिनाले आज

■ केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल होंगे चीफ गेस्ट ■ गायक बी. प्राक देंगे प्रस्तुति

पंचकूला । सेक्टर-3 स्थित ताऊ देवी लाल स्टेडियम में रविवार को क्रिकेट, मनोरंजन और संगीत का भव्य संगम देखने को मिलेगा। सुदेश भंडारी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आयोजित नमो क्रिकेट लीग-2026 का ग्रैंड फिनाले आज खेला जाएगा। खिताबी मुकाबले को लेकर खिलाड़ियों के साथ-साथ क्रिकेट प्रेमियों में भी खासा उत्साह है। मैदान पर जहां दोनों टीमें ट्रॉफी के लिए जोर लगाएंगी, वहीं शाम को मशहूर गायक बी. प्राक अपनी प्रस्तुति से समां बांधेंगे। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव तरुण भंडारी ने बताया कि लीग के समापन समारोह में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। फाइनल मुकाबले के बाद पुरस्कार वितरण समारोह होगा। खेल और संगीत के इस संगम को लेकर स्टेडियम में विशेष तैयारियां की गई हैं।



विजेता टीम को 21 लाख की इनामी राशि

मीडिया कोऑर्डिनेटर संजीव सूद ने बताया कि लीग के फाइनल के साथ खिलाड़ियों पर इनामों की बौछार होगी। विजेता टीम को 21 लाख रुपये, उपविजेता टीम को 11 लाख रुपये, तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को पांच लाख रुपये और चौथे स्थान पर रहने वाली टीम को 2.50 लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। इसके अलावा व्यक्तिगत प्रदर्शन के आधार पर भी खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।

सीईटी न होने से भर्तियों के इंतजार में ओवर एज हो रहे युवा : हुड्डा

चंडीगढ़। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने हरियाणा में बढ़ती बेरोजगारी पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी दर 15.4 प्रतिशत से ऊपर जा चुकी है और ग्रामीण बेरोजगारी दर 17.5 प्रतिशत हो चुकी है। ये देश के कई पिछड़े और बड़े राज्यों के मुकाबले बहुत अधिक है। इससे बड़ी चिंता की बात यह है कि सरकार बेरोजगारी पर काबू पाने के लिए कोई कदम नहीं उठा रही। सरकार नौकरी देना तो दूर, कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट(सीईटी) तक नहीं करवा रही है। सीईटी और भर्तियों के इंतजार में युवा ओवर होते जा रहे हैं। सीईटी, भर्ती, रिजल्ट और ज्वाइनिंग जैसी मांगों को लेकर हर बार हरियाणा के युवाओं को आंदोलन करना पड़ता है। हर बार सरकार उन्हें झूठे वादे का झुंझुना पकड़ाकर टरका देती है। सरकार के इस रवैये के चलते प्रदेश के युवा अब पूरी तरह नाउम्मीद हो चुके हैं। हुड्डा ने कहा कि भाजपा 2 लाख पक्की नौकरियां देने का वादा करके सत्ता में आई थी। लेकिन अबतक इस सरकार ने हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन के तहत कोई भर्ती नहीं की। हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन के तहत जो छुटपुट भर्तियां हुई, उनमें 35 प्रतिशत का अतिरिक्त मानदंड जोड़कर जानबूझकर ज्यादातर पद खाली छोड़ दिए गए। जिन इक्का-दुक्का पदों पर भर्ती हुई, उनमें भी हरियाणा के बजाय अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों को तरजीह दी गई।



गुरुग्राम में देश के पहले 'तीर्थंकर वनम्' का उद्घाटन

■ तीर्थंकर वनम् की पहल पर्यावरण संरक्षण के साथ समाज को नई प्रेरणा देगी : राव नरबीर सिंह

चंडीगढ़। हरियाणा के पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने शनिवार को अरावली की श्रृंखला में विकसित देश के पहले 'तीर्थंकर वनम्' का उद्घाटन किया। यह पहल जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जीतो) गुरुग्राम चैप्टर फाउंडेशन द्वारा हरियाणा सरकार के वन विभाग के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत आवंटित सरकारी वन भूमि पर की गई है। वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने उद्घाटन उपरांत तीर्थंकर वनम् का भ्रमण किया तथा पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम में पूर्व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) अनिल राव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंत्री राव नरबीर सिंह ने जीतो को इस अभिनव पहल के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा वन्य जीव सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है और इसी दौरान अरावली क्षेत्र में तीर्थंकर वनम् जैसी पहल का शुभारंभ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस मौके पर प्रशासन के वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

सीएम के प्रधान सचिव अरुण गुप्ता की सेवानिवृत्ति के बाद सीएमओ में विभागों का बंटवारा

उप प्रधान सचिव यशपाल और अजय कुमार को बांटे दस विभाग

■ मुख्यमंत्री की घोषणाओं को लागू कराने की जिम्मेदारी भी ओएसडी को सौंपी

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सैनी के प्रधान सचिव रहे वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अरुण गुप्ता की सेवानिवृत्ति के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय में उनके पास रहे 10 विभागों का काम दो उप प्रधान सचिवों के बीच बांट दिया गया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री की घोषणाओं को लागू कराने की जिम्मेदारी भी ओएसडी (विशेष कार्य अधिकारी) को सौंप दी है।

आदेश किए जारी

मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव सीपीएससीएम) राजेश खुल्लर की ओर से 2 अक्टूबर को जारी आदेश के मुताबिक, 16 अप्रैल 2026 के आदेश संख्या 15643 के तहत प्रधान सचिव मुख्यमंत्री को आवंटित विभागों का काम नई नियुक्ति होने तक वैकल्पिक व्यवस्था के तहत देखा जाएगा। नई व्यवस्था में उप प्रधान सचिव-एक यशपाल सिंह को पांच विभागों की जिम्मेदारी दी है। इनमें पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव; खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले; जेल; लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) और शहरी स्थानीय निकाय विभाग शामिल हैं। वहीं उप प्रधान सचिव-सेकेंड अजय कुमार को नागरिक उड्डयन, नागरिक संसाधन सूचना विभाग, खान एवं भू-विज्ञान, सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण और अंत्योदय और परिवहन विभाग का काम सौंपा है। यह बंटवारा 16 अप्रैल को जारी मूल आदेश में अरुण गुप्ता को दिए विभागों की क्रम संख्या के आधार पर किया है। उस आदेश में गुप्ता के पास इन 10 विभागों के अलावा मुख्यमंत्री की घोषणाओं को लागू कराने से संबंधित काम भी था, अब ये काम ओएसडी सीएम विवेक कालिया देखेंगे। इस तरह से मुख्यमंत्री की घोषणाओं के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी विशेष कार्य अधिकारी (मुख्यमंत्री) सौंप दी गई है।

■ नई नियुक्ति होने तक सीएमओ में की वैकल्पिक व्यवस्था

1992 बैच आईएएस अधिकारी अरुण गुप्ता 30 सितंबर को सेवानिवृत्त हुए थे। वह मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव के साथ वित्त एवं योजना विभागों का प्रभार भी संभाल रहे थे। उनकी सेवानिवृत्ति के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय में उनके पास रहे विभागों के कामकाज को जारी रखने के लिए यह अंतरिम व्यवस्था की गई है। वित्त एवं योजना विभाग 10 विभागों के बंटवारे में शामिल नहीं हैं।

आईएएस सुधीर राजपाल को वित्त एवं योजना का अतिरिक्त प्रभार

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल करते हुए वरिष्ठ आईएएस अधिकारी सुधीर राजपाल को महत्वपूर्ण अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। हरियाणा के राज्यपाल के आदेशानुसार, 1990 बैच के आईएएस अधिकारी और वर्तमान में गृह, जेल, आपराधिक जांच, न्याय प्रशासन तथा पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल को अब वित्त और योजना विभाग का अतिरिक्त मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। खाली पड़े पद पर हुई तैनाती मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की ओर से जारी आदेश के अनुसार, सुधीर राजपाल को यह नई जिम्मेदारी वर्तमान में खाली पड़े पद पर दी गई है। वे अपने मौजूदा विभागों के साथ-साथ वित्त और योजना विभाग का कामकाज भी अतिरिक्त प्रभार के रूप में संभालेंगे। इससे पहले यह जिम्मेदार आईएएस अरुण गुप्ता संभाल रहे थे, जो 30 सितंबर को रिटायर हो गए। गुप्ता को एक्सटेंशन देने का केस पहले केंद्र को भेजा गया था। लेकिन वहां से मंजूरी नहीं आने के बाद उन्हें रिटायर कर दिया गया। हालांकि उनके री-इम्पलायमेंट की चर्चाएं भी चलीं थी, लेकिन अब उनका यह रास्ता भी बंद होता दिखाई दे रहा है।

तावडू में दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे, गाड़ी चढ़ाने का वीडियो वायरल

नूंह। तावडू उपमंडल के गांव गवारका में शनिवार दोपहर दो पक्षों में जमकर झगड़ा हो गया। लाठी-डंडे चले और गाड़ी चढ़ाने का प्रयास भी किया गया, जिसमें महिला सहित कई लोग घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। झगड़े का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ग्रामीण सूत्रों के अनुसार, गांव के पूर्व सरपंचों के दो पक्षों के बीच जमीन की पैमाइश के दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी, जो देखते ही देखते बड़े झगड़े में बदल गई। दोनों पक्षों के महिला-पुरुष लाठी-डंडे लेकर आमने-सामने आ गए।वायरल वीडियो में एक बोलेरो और एक पिकअप गाड़ी तेजी से लोगों की ओर भागती दिख रही है। बताया जा रहा है कि पिकअप की चपेट में आने से एक महिला घायल हुई है, जबकि दूसरे पक्ष के भी कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। इस संबंध में तावडू डीएसपी अभिमन्यु लोहान ने बताया कि झगड़े की सूचना पर पुलिस मौके पर गई थी, फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

- भूमि विवाद में झगड़ा, महिला सहित कई घायल

दी रोहतक केन्द्रीय सहकारी बैंक लि. रोहतक

सूचना

दी रोहतक केन्द्रीय सहकारी बैंक लि. रोहतक के वर्ष 2026-27 के लिए बैंक की सभी 26 शाखायें, 3 विस्तार पटल एवं मुख्यालय के आंतरिक एवं पूर्व लेखापरीक्षा (Internal and Pre-Audit) करवाने के लिए रोहतक शहर की सभी सी.ए. फर्मों को दर सूची उपलब्ध करवाने बारे आमंत्रित किया जाता है। इसलिए इच्छुक सी.ए. फर्म दिनांक 12.10.2026 तक प्रति शाखा दर सूची दी रोहतक केन्द्रीय सहकारी बैंक लि. रोहतक के दिल्ली रोड स्थित मुख्यालय में भेजने का कष्ट करें।

हस्ता0 महाप्रबन्धक,
दी रोहतक केन्द्रीय सहकारी बैंक लि., रोहतक।

खबर संक्षेप

छेड़छाड़ और मारपीट के आरोपी की बाजार में कराई परेड

पानीपत। इंसार बाजार में युवती के साथ छेड़छाड़ और मारपीट के आरोपी को थाना शहर पुलिस ने शनिवार शाम घटनास्थल पर ले जाकर निशानदेही कराई। इसके बाद पुलिस आरोपी को लाल बत्ती चौक से इंसार बाजार में पैदल लेकर गई। पुलिस की इस कार्रवाई को देखने के लिए बाजार में लोगों की भीड़ जमा हो गई। आरोपी की पहचान इंसार बाजार स्थित वाल्मीकि मोहल्ला निवासी रामसिद्धांत उर्फ नीरज के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 29 सितंबर को दो युवतियां खरीदारी के लिए इंसार बाजार आई थीं। इसी दौरान आरोपी ने एक युवती के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ की। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट भी की गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

भाजपा नेता से 5 करोड़ रंगदारी मांगने का आरोपी गिरफ्तार

नूंह। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जाहिद हुसैन को लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा गैंग के नाम पर फोन कर पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में नूंह पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस ने इस प्रकरण में उत्तर प्रदेश के इटावा जिले निवासी 19 वर्षीय आकाश यादव उर्फ अंशु को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश करने के बाद दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था, जिसके बाद आगे की जांच जारी है। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता जाहिद हुसैन को 27 सितंबर की रात उनके मोबाइल फोन पर धमकी मिली थी। पुलिस टीम ने आरोपी की तलाश करते हुए उसके परिजनों को नोटिस जारी किया, जिसके बाद उसे पूछताछ के लिए पेश किया गया। जांच में पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में एक अन्य व्यक्ति का नाम भी सामने आया है, जिसकी भूमिका की जांच की जा रही है।

खेत पर कब्जा करने पहुंचे 40 लोग, जमकर मारपीट, गाड़ियां तोड़ी

जमीनी विवाद को लेकर 2 पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। इसमें महिलाओं सहित कई लोग घायल हो गए। फर्रुखनगर एरिया के पातली गांव निवासी राजकुमार ने पुलिस शिकायत में बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे वह परिवार के साथ खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान गांव के दिनेश, अजय और शिवम 30 से 40 अज्ञात लोगों के साथ वहां पहुंचे। सभी लाठी-डंडे और धारदार हथियार लिए हुए थे। आते ही उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी और परिवार पर हमला कर दिया। उनके परिवार के कई लोगों को गंभीर चोटें आईं। राजकुमार का आरोप है कि आरोपी जबरन उनकी जमीन पर कब्जा करने के लिए पहुंचे थे। वहीं, हमलावरों की 2 कार में तोड़फोड़ की गई। हमले में घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि दिनेश पक्ष के पास इस जमीन के एक हिस्से की करीब 6 कनाल 19 मरले की रजिस्ट्री है। वहीं करीब 7 कनाल 12 मरले जमीन पर अजय का कब्जा बताया जा रहा है।

एशियन गेम्स में हॉकी में चमके हरियाणा के सितारे, सोनीपत में जश्न का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

गोल्ड मेडल जीतने वाली पुरुष हॉकी टीम में सोनीपत के तीन खिलाड़ियों ने निभाई अहम भूमिका

अभिषेक ने तीसरी कक्षा में हॉकी थामी, अभ्यास करने जाते थे दिल्ली

एशियाई खेलों में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के स्वर्ण पदक जीतने की खुशी सोनीपत के तीन परिवारों के लिए भी बेहद खास रही। अभिषेक नैन, सुमित कुमार और यशदीप सिवाच भारतीय टीम का हिस्सा रहे और देश को स्वर्ण पदक दिलाने में अहम योगदान दिया।

अभिषेक नैन के घर स्वर्ण पदक जीतने के बाद खुशी का माहौल है। उनकी मां सूरत देवी ने बताया कि अभिषेक ने तीसरी कक्षा में ही हॉकी खेलना शुरू कर दिया था। अभिषेक के खेल सफर में कई मुश्किलें भी आईं। करीब 11 वर्ष की उम्र में जामुन के पेड़ से गिरने के कारण उसे गंभीर चोट लगी थी और दस से अधिक टांके आए थे। परिवार ने उसे हॉकी छोड़ने की सलाह दी, लेकिन उसने अभ्यास जारी रखा। प्रशिक्षक शमशेर ने भी परिवार को समझाया और अभिषेक को दोबारा मैदान पर लौटने के लिए प्रेरित किया। वर्ष 2016 में जूनियर शिविर के लिए चयन नहीं होने से उसका विश्व कप खेलने का सपना जरूर टूट गया, लेकिन उसने इसे अपनी मंजिल के रास्ते की रुकावट नहीं बनने दिया। परिजनों के अनुसार अभिषेक रोज सुबह ट्रेन से दिल्ली जाता और वहां अभ्यास करने के बाद रात को घर लौटता था। पिता सत्यनारायण ने भी प्रशिक्षक शमशेर के योगदान को महत्वपूर्ण बताया।



यशदीप सिवाच ने माता-पिता की विरासत को आगे बढ़ाया

यशदीप सिवाच की सफलता के पीछे उनके परिवार की हॉकी से जुड़ी लंबी विरासत भी है। उनकी मां प्रीतम सिवाच भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान और प्रशिक्षक रही हैं। पिता कुलदीप सिवाच भी भारतीय टीम का हिस्सा रह चुके हैं। प्रीतम सिवाच ने बताया कि एशियाई खेलों में भारतीय महिला और पुरुष दोनों टीमों के स्वर्ण पदक जीतने से परिवार की खुशी दोगुनी हो गई। मुकाबले से पहले उन्होंने यशदीप को सलाह दी थी कि सभी खिलाड़ी एकजुट होकर खेलेंगे तो स्वर्ण पदक जरूर मिलेगा। यशदीप बचपन से ही अपनी मां के साथ मैदान पर जाता था। वह अकादमी में प्रशिक्षण लेने वाली बेटियों के साथ दौड़ भी लगाता था। नौवीं कक्षा में उसने हॉकी की स्टिक थामी और इसके बाद लगातार आगे बढ़ता गया।

सुमित के लिए कभी जूता खरीदना तक था मुश्किल, अब गोल्ड जीते

कुराड़ निवासी सुमित कुमार के परिवार के लिए भी एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक भावुक कर देने वाला पल है। उनके भाई जयसिंह ने बताया कि पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से पहले सुमित से बातचीत हुई थी। सुमित ने कहा था कि पूरी टीम इस बार सोना जीतने जा रही है। सुमित के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का सफर आसान नहीं रहा। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण हॉकी के जूते खरीदना भी मुश्किल था। बड़े भाई अमित उसे मैदान तक लेकर जाते थे। गांव के प्रशिक्षक मास्टर नरेश ने उसकी प्रतिभा को पहचाना और उसे हॉकी की स्टिक तथा जूते उपलब्ध करवाए। सुमित का खेल जारी रहे, इसके लिए भाइयों अमित और जयसिंह ने दिहाड़ी मजदूरी तक की। बाद में भारतीय खेल प्राधिकरण के प्रशिक्षक नरेंद्र गौतम ने उसकी प्रतिभा को निखारने में अहम भूमिका निभाई। सुमित टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रह चुके हैं। वर्ष 2021 में उन्हें अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। सुमित के जीवन में उनकी मां की याद बेहद खास है। वर्ष 2021 में टोक्यो ओलंपिक से करीब छह महीने पहले उनकी मां का निधन हो गया था। मां की याद को हमेशा अपने साथ रखने के लिए सुमित ने उनके झुमके से एक लॉकेट बनवाया, जिसमें उनकी तस्वीर लगाई। महत्वपूर्ण मुकाबलों के दौरान वह लॉकेट अपने पास रखते हैं। नौ मई को पिता प्रताप सिंह के निधन के बाद एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक परिवार के लिए खुशी के साथ भावनाओं से भरा पल बन गया।

कुश्ती चैंपियन अमन सहरावत के दादा बोले-म्हारे छौरे न जमा लठ गाड़ दिया

झज्जर। क्षेत्र के गांव बिरोहड़ के लाडले अमन सहरावत ने एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतकर गांव, जिले व पूरे देश का नाम रोशन किया है। अमन की इस शानदार उपलब्धि पर उनके पैतृक गांव बिरोहड़ में खुशी का माहौल है। परिजन और ग्रामीण एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मना रहे हैं। परिजनों और ग्रामीणों ने कहा कि अमन ने कड़ी मेहनत और संघर्ष के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। गांव पहुंचने पर अमन का जोरदार स्वागत किया जाएगा। अमन के दादा मांगे राम ने कहा कि छोरे न जमा लठ गाड़ दिया, बहुत बढ़िया काम करा है। अमन की दादी अंची देवी ने कहा कि अमन ने देश का नाम रोशन कर दिया,यह पूरे परिवार के लिए बहुत खुशी की बात है।



उन्होंने कहा कि जब वह गांव आएगा तो उसे उसके पसंद का चूरमा खिलाकर स्वागत करेंगी। अमन के चाचा हिंद केसरी पहलवान कर्मबीर ने कहा कि यह पूरे गांव और देश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि जब अमन करीब दस साल का था, तब उसे दिल्ली के अखाड़े में छोड़ दिया गया था। इसके बाद से अमन लगातार संघर्ष और मेहनत करता रहा। अमन की ताई शकुंतला ने कहा कि बेटे की जीत से परिवार, गांव, प्रदेश और देश को खुशी मिली है।

फर्रुखनगर क्राइम ब्रांच की बदमाशों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

विदेश में बैठे आका के इशारे पर करनी थी वारदात पुलिस ने तीन दबोचे, एक फ्लाईओवर से कूदा

- पुलिस ने आरोपियों से दो चाइना मेड पिस्टल और पांच कारतूस बरामद किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

विदेश में बैठे आकाओं के इशारे पर दिल्ली में हत्या की फिराक में जा रहे तीन बदमाशों को फर्रुखनगर क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान अभय उर्फ मौलड (20) निवासी, खेड़ा झांझरोला, जतिन उर्फ जोनी (29) , पटेल नगर, सोनीपत और सागर निवासी खेड़ा झांझरोला के रूप में हुई है। पुलिस ने अभय को गढ़ी फ्लाईओवर, जतिन को फर्रुखनगर और सागर को केएमपी से पकड़ा है। इनके पास से 2 चाइनीज मेड पिस्टल और 5 कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस से बचने के लिए सागर ने फ्लाईओवर से छलांग लगा दी, जिससे उसके पैर में फ्रैक्चर हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है और डिस्चार्ज होने के बाद गिरफ्तार किया जाएगा। पूछताछ में सामने आया कि अभय को जतिन ने हथियार दिए थे, जो उसे अपने साथियों से मिले। ये बदमाश अवैध वसूली और रंगदारी के लिए रेकी करते थे, जिनका मकसद दिल्ली में वारदात कर डर का माहौल बनाना था। पुलिस द्वारा मामले में आरोपियों के नेटवर्क, अवैध हथियारों की उपलब्धता के स्रोत की जांच कर रही है।



गुरुग्राम में पैर टूटने के बाद भर्ती बदमाश।

गायक दिलेर खरकिया की गाड़ी पर फायरिंग के आरोपी का एनकाउंटर

सोनीपत। भिवानी के खरक कलां गांव में हरियाणवी गायक दिलेर खरकिया की रेंज रोवर गाड़ी पर फायरिंग के मामले में वांछित आरोपित शनिवार रात सोनीपत में पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल हो गया। बारोटा-छतहेरा क्षेत्र में पुलिस टीम के साथ हुई मुठभेड़ में आरोपित रोहित के दोनों पैरों में गोली लगी। रोहित लाडपुर, राई का रहने वाला है और उसके खिलाफ लूट, हत्या के प्रयास सहित आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं।

पंजाब के व्यापारी की हत्या में वांछित पांच लाख की इनामी बदमाश पुलिस ने दबोचा

हिसार। स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) यूनिट हिसार ने पंजाब के शातिर व 5 लाख रुपये के इनामी मोस्ट वांटेड आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पंजाब में एक शोरूम मालिक की सरेआम हत्या के मामले में वांछित चल रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध पिस्तोल और कारतूस भी बरामद किए हैं। आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। डीएसपी जोगिन्द्र सिंह के मार्गदर्शन और एसटीएफ इंचार्ज एसआई संदीप कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष टीम को गुप्त सूचना मिली थी। इसके आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राजगढ़ रोड बाइपास पुल के पास घेराबंदी कर आरोपी को काबू कर लिया। पकड़ा गया आरोपी शक्ति कुमार निवासी राजीव नगर, अबोहर, पंजाब का रहने वाला है। तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध पिस्तोल और 3 कारतूस बरामद हुए। इस संबंध में थाना आजाद नगर में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। प्राथमिक पूछताछ में आरोपी शक्ति कुमार ने खुलासा किया कि उसने वर्ष 2025 में अपने साथियों राजेंद्र उर्फ बिल्ला और जसकरण उर्फ कट्टा के साथ मिलकर फाजिल्का जिले के अबोहर स्थित न्यू वेयरवेल शोरूम के मालिक संजय वर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। आरोपी को दबोचने वाली एसटीएफ हिसार की टीम में पीएसआई विजय, एएसआई नरेन्द्र, हेड कांस्टेबल जितेन्द्र, कांस्टेबल अशोक, कांस्टेबल वीनू और कांस्टेबल कश्मीर शामिल रहे।

करनाल में दोस्तों की लड़ाई में गई जान

जन्मदिन पर पार्टी करने गए युवक की चाकू मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

जन्मदिन मनाने निकले 20 वर्षीय युवक की चाकू मारकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान हांसी रोड पर गली नंबर-2 के सामने रहने वाले कृष के रूप में हुई है। कृष मूल रूप से बिहार का रहने वाला था और अपने परिवार के साथ करनाल में किराये के मकान में रहकर फर्नीचर ठीक करने का काम करता था। उसके पिता भोला राम ने बताया कि 2 अक्तूबर को कृष का 20वां जन्मदिन था। शाम को उसने पिता से कुछ पैसे मांगे और दोस्तों के साथ बाहर जन्मदिन मनाने चला गया।

परिजनों के अनुसार, रात को कृष की मां ने उसे फोन किया तो उसने करीब दस मिनट में घर पहुंचने की बात कही थी। इसके बाद रात करीब दो बजे मकान मालिक की बहू ने परिवार को सूचना दी कि कृष के साथ दुर्घटना हो गई है और उसे अस्पताल ले जाया गया है। परिजन अस्पताल पहुंचे तो चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में परिजनों को पता चला कि दोस्तों के साथ हुए विवाद के दौरान कृष पर चाकू से हमला किया गया था।

थाना रामनगर पुलिस के अनुसार मृतक के भाई कर्ण की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि कृष शुक्रवार रात बहादुरचंद कॉलोनी में अपने पांच-छह दोस्तों के साथ जन्मदिन मना रहा था। उसके दो दोस्त शिव कॉलोनी की तरफ गए थे, जहां कुछ युवकों के साथ उनका विवाद हो गया। उन्होंने पार्टी कर रहे दोस्तों को बुला लिया।



आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते मृतक कृष के पिता।

आरोप है कि इसी दौरान प्रदीप नाम के युवक ने कृष की जांघ में चाकू मार दिया। इसके बाद उसके दोस्त उसे उपचार के लिए ट्रॉमा सेंटर, सिविल अस्पताल करनाल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके साथ मौजूद दोस्त मौके से फरार हो गए। पुलिस ने प्रदीप पुत्र सुमेर चंद, प्रिंस पुत्र रामलखन चौहान, गौरव पुत्र शंकर पासवान और ध्रुव पुत्र राजेश कुमार सहित अन्य युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने कुछ युवकों को पकड़कर पूछताछ शुरू कर दी है।

पटाखे बनाने को आया 200 किलो गंधक व 2296 किलो पोटेशियम नाइट्रेट बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पटाखे बनाने में इस्तेमाल होने वाली रसायन सामग्री के अवैध भंडारण का बड़ा मामला सामने आया है। क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 की टीम ने कार्रवाई करते हुए बल्लभगढ़ की मुकेश कॉलोनी में छापा मारा। वहां एक कमरे से करीब 200 किलो गंधक और 2296 किलो पोटेशियम नाइट्रेट बरामद किया है। पुलिस ने सामग्री को कब्जे में लेकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मुकेश कॉलोनी निवासी पुनीत के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, दोनों रसायनों का इस्तेमाल पटाखे बनाने में किया जाता है। इतनी बड़ी मात्रा में सामग्री का एक कमरे में रखा मिलना पुलिस की जांच का प्रमुख बिंदु है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह यह सामग्री उत्तर प्रदेश के हाथरस से लेकर आया था। अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि सामग्री किस उद्देश्य से मंगाई गई थी और इसे आगे किसे दिया जाना था। साथ ही पुलिस सप्लाई से जुड़े अन्य लोगों के बारे में भी जानकारी जुटा रही है। पुलिस के अनुसार, आरोपी का कोई पुराना आपराधिक रिकॉर्ड सामने नहीं आया है। बरामद सामग्री को कब्जे में लेकर मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

सोनीपत में आरओ शॉप की आड़ में छापे नकली नोट

- पुलिस ने सेक्टर 12 में छापा मारकर नोट छापने की मशीन समेत 7 लाख 38 हजार रुपये के नकली नोट बरामद किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

नकली नोटों की सप्लाई के मामले में दिल्ली पुलिस ने सोनीपत के गांव ठरू निवासी साहिल खर्ब समेत तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 500 रुपये के 1476 नकली नोट बरामद किए हैं। बरामद नकली नोटों की कुल कीमत 7 लाख 38 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार सोनीपत के सेक्टर-12 स्थित साहिल के मकान से नकली नोट छापने में इस्तेमाल होने वाली प्रिंटिंग मशीन और अन्य सामग्री भी बरामद हुई है। मकान के बाहर आरओ कारोबार से संबंधित बोर्ड लगा हुआ था। दिल्ली पुलिस के अनुसार, 30 सितंबर को सूचना मिली थी कि साहिल खर्ब और राजस्थान निवासी गोसाई राम नकली नोटों की खेप लेकर जयपुर निवासी पुष्कर राज पुरबिया उर्फ डॉक्टर को देने के लिए दिल्ली के जापानी पार्क के पास पहुंचने वाले हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने रोहिणी सेक्टर-13 स्थित वीर अपार्टमेंट के आसपास निगरानी शुरू कर दी। रात करीब साढ़े आठ बजे पुष्कर राज वहां पहुंचा। कुछ देर बाद साहिल और गोसाई राम भी वहां पहुंच गए। पुलिस टीम ने तीनों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान पुष्कर राज के कब्जे से 500 रुपये के 201 नकली नोट बरामद हुए, जिनकी कीमत 1 लाख 500 रुपये थी। गोसाई राम के पास से 575 नकली नोट यानी 2 लाख 87 हजार 500 रुपये और साहिल खर्ब के कब्जे से 700 नकली नोट यानी 3 लाख 50 हजार रुपये बरामद किए गए। इसके अलावा आरोपितों से तीन मोबाइल फोन भी मिले।



सोनीपत। इसी दुकान की आड़ में चल रहा था नोट छापने का धंधा।

स्थानीय व साप्ताहिक बाजारों में चलाने की थी योजना

पुलिस के अनुसार मकान के बाहर 'खर्ब एंटरप्राइजेज वॉटर सॉल्यूशन' के नाम से आरओ के थोक व खुदरा कारोबार का बोर्ड लगा हुआ था। पूछताछ में आरोपितों ने नकली नोट स्थानीय बाजारों और साप्ताहिक बाजारों में चलाने की बात बताई है। पुलिस का कहना है कि आरोपित कम समय में अधिक पैसा कमाने के प्रयास में हवाला कारोबार से जुड़े लोगों से संपर्क करने की कोशिश में भी थे। हालांकि पुलिस अब आरोपितों से पूछताछ कर नकली नोटों के पूरे नेटवर्क का पता लगाने का प्रयास कर रही है। मामले में एफएसएल और अपराध जांच टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं। प्रशांत विहार थाना पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 179, 180 और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है।

मदद | अमेरिका में सड़क हादसे में जान गंवाने वाले पिहोवा के युवक का आज आएगा शव

दोस्तों ने जुटाए 20 लाख, 14 दिन बाद अमेरिका से शव रवाना

- 12 साल पहले गया था अमेरिका, चलाता था ट्राला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिहोवा

अमेरिका में सड़क हादसे में जान गंवाने वाले पिहोवा के सिकंदरा गांव निवासी 34 वर्षीय विक्की अरोड़ा का शव 14 दिन बाद भारत के लिए रवाना कर दिया गया है। परिजनों के अनुसार, शव रात तक दिल्ली पहुंचेगा और रविवार सुबह करीब 10 बजे उसे गांव स्थित घर लाया जाएगा। बेटे का शव पहुंचने की खबर से परिवार में मातम पसरा है। उसका शव भारत भेजने के लिए दोस्तों व परिजनों ने करीब 20 लाख रुपये फंड जुटाया।

परिजनों के मुताबिक विक्की करीब 12 साल पहले अमेरिका गया था और वहां ट्राला चलाता था। नवंबर-दिसंबर में उसके घर लौटने की तैयारी थी। परिवार में उसकी शादी को लेकर भी बातचीत चल रही थी, लेकिन घर लौटने से पहले ही हादसे में उसकी मौत हो गई। विक्की के परिवार में अब उसके पिता कश्मीरी लाल और भाई सोनू हैं। करीब तीन साल पहले उसकी मां राजरानी का निधन हो चुका है।

परिजनों के अनुसार, 17-18 सितंबर की रात विक्की अमेरिका के ओहायो में हाइवे से ट्राले में सामान लेकर जा रहा था। इसी दौरान सामने से गलत दिशा में एक अन्य ट्राला आने पर उसे बचाने के प्रयास में उसका ट्राला कंक्रीट बैरियर से टकरा गया। टक्कर के बाद विक्की ट्राले की खिड़की से करीब 20 फीट नीचे रेलवे लाइन पर जा गिरा। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद शव को भारत लाने की प्रक्रिया शुरू की गई, लेकिन जरूरी कानूनी प्रक्रिया के चलते इसमें करीब 14 दिन लग गए। परिजनों के अनुसार, शुरुआत में पुलिस ने शव सौंपने से इनकार किया था। इसके बाद विक्की के पिता कश्मीरी लाल की ओर से एफिडेविट दिया गया और आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिवार को सौंपा गया।

विक्की के चाचा राजकुमार उर्फ राजू ने बताया कि शव को भारत लाने और अन्य औपचारिकताओं में काफी खर्च आया। परिवार की मदद के लिए विक्की के नाम से फंड जुटाया गया, जिसमें करीब 20 लाख रुपये एकत्र हुए। उसके दोस्तों और परिचितों ने भी परिवार की आर्थिक एवं अन्य स्तर पर मदद की। विक्की के दोस्त और रूममेट हैप्पी ने ही हादसे की सूचना परिवार को दी थी। परिजनों के अनुसार, हैप्पी अमेरिका से विक्की का शव भारत के लिए रवाना करवाने की प्रक्रिया में साथ रहा।

जर्मनी में युवक की संदिग्ध हालात में मौत



करनाल। करनाल जिले के रहने वाले 32 वर्षीय युवक रिंकू की जर्मनी में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। करीब 11 साल पहले बेहतर रोजगार और परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने का सपना लेकर रिंकू विदेश गया था। वहां मजदूरी कर अपना जीवन चला रहा था। वह विदेश से परिवार की आर्थिक मदद भी करता था। परिजनों के अनुसार, कुछ समय पहले रिंकू को जर्मनी में स्थायी निवास मिल गया था। इससे परिवार में खुशी का माहौल था और विदेश में उसके भविष्य को लेकर चिंताएं भी कम हो गई थीं। लेकिन स्थायी निवास मिलने के कुछ समय बाद ही उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की खबर परिवार तक पहुंच गई। परिजनों का कहना है कि जर्मनी में रिंकू की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह अभी स्पष्ट नहीं है। परिवार वास्तविक कारणों की जानकारी मिलने का इंतजार कर रहा है।

फर्जी दस्तावेजों से लग्जरी गाड़ियां लोन पर लेकर हड़पने वाले गिरोह का खुलासा

- पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया, 6 गाड़ियां बेची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलवल

फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंक से लोन कराकर लग्जरी गाड़ियां लेने और बाद में उसे बेचने वाले एक शातिर गिरोह का खुलासा पुलिस ने किया है। पुलिस ने गिरोह के मुख्य आरोपी सलीम समेत तीन को गिरफ्तार किया है।

डीएसपी नरेंद्र सिंह खटाना ने बताया कि पीड़ित गौरी शंकर की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। आरोपियों ने पीड़ित के पिता के आधार कार्ड में फर्जी पता लगाकर जाली पैन कार्ड और फर्जी बैंक खाता तैयार करवाया। इसके बाद आरोपियों ने गुरुग्राम के एक शोरूम से हुंडई क्रेटा गाड़ी का लोन पास कराया और गाड़ी निकालकर बाजार में बेच दी। शिकायत के बाद सीआईए होडल ने सबसे पहले मुख्य आरोपी सलीम निवासी उटावड़ को गिरफ्तार किया। सलीम से पूछताछ और उसकी निशानदेही के आधार पर पुलिस ने उसके दो अन्य साथियों सौरभ श्रीवास्तव निवासी गुरुग्राम और जाहुल उर्फ अरमान निवासी उटावड़ को भी धर दबोचा। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक क्रेटा गाड़ी, लैपटॉप, मोबाइल फोन और 20 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि इस गिरोह ने अब तक जाली दस्तावेजों के जरिए कुल 6 गाड़ियों पर फर्जीवाड़ा किया है। मुख्य आरोपी सलीम पर महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में एटीएम काटने के भी चार मामले दर्ज हैं।



राहुल ने लॉन्च किया 'सत्याग्रह' पोर्टल, कहानी साझा करने की अपील की

'संघर्ष जोड़ो, भारत जोड़ो' के तहत देशभर से जानकारी जुटाएंगे और लोगों को भी जोड़ेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को 'सत्याग्रह' नाम का डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किया। इस प्लेटफॉर्म का उद्देश्य देशभर में चल रहे अलग-अलग विरोध प्रदर्शनों और आंदोलनों की जानकारी को एक जगह जुटाना और समान मुद्दों पर संघर्ष कर रहे लोगों को जोड़ना है। राहुल ने एक्स पर वीडियो पोस्ट कर लोगों से अन्याय के खिलाफ अपने संघर्ष की कहानी साझा करने की अपील की। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनकारी अपने मुद्दे की जानकारी प्लेटफॉर्म पर दर्ज कर सकते हैं। इसके अलावा इंटरैक्टिव मैप के जरिए देश के अलग-अलग हिस्सों में समान मुद्दों पर चल रहे आंदोलनों को भी देखा जा सकता है। राहुल ने कहा कि देशभर में कई लोग अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं और कई बार उन्हें अकेले अपनी आवाज उठानी पड़ती है। उन्होंने छात्रों, किसानों, आदिवासियों, दलितों और महिलाओं से जुड़े आंदोलनों का जिक्र किया।

आंदोलन का डिजिटल प्लेटफॉर्म

अलग आवाजों को एक नक्शे पर लाने की कोशिश की



लोगों का संघर्ष दिखेगा

अकेले उठने वाली आवाज दब सकती है। ऐसे में 'सत्याग्रह' के जरिए इन आवाजों को एक नक्शे पर लाने की कोशिश की गई है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अगर वे किसी अन्याय के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं तो कहानी साझा करें। वह कहानी प्लेटफॉर्म के मैप पर दिखाई देगी और लोग यह भी देख सकेंगे कि देश के दूसरे हिस्सों में कौन लोग इसी तरह के मुद्दों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं।

संसद और सड़क पर साथ देने की बात

राहुल ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के तौर पर वह जरूरत के मुताबिक इन मुद्दों को संसद में उठाने, सड़कों पर लोगों के साथ खड़े होने और पत्र लिखने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि जहां भी उनकी जरूरत होगी, वह लोगों के साथ खड़े होने का प्रयास करेंगे। राहुल गांधी ने इसे नेता प्रतिपक्ष के तौर पर अपनी जिम्मेदारी बताया।

महंगाई, किसान और महिला सुरक्षा

राहुल ने कहा कि देश के अलग-अलग हिस्सों में कई मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अलग-अलग चल रहे इन प्रदर्शनों की जानकारी को एक जगह लाने के उद्देश्य से वेबसाइट शुरू की गई है। राहुल ने कहा कि उनका प्रदर्शन बड़ा हो या छोटा, वे वेबसाइट पर उसकी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए नाम, समूह का नाम और प्रदर्शन किस मुद्दे को लेकर है, इसकी जानकारी दें। यदि किसी आंदोलन या प्रदर्शन को उनकी मदद की जरूरत होगी या लोग उनसे समर्थन मांगेंगे तो देंगे।

भारत के पहले 5.56 किमी के फ्री-स्पेस क्वांटम के डिस्ट्रीब्यूशन लिंक का प्रदर्शन

कोई भी हैकर या तीसरा पक्ष डेटा पढ़ या चुरा नहीं सकता

यह तकनीक भविष्य में जमीनी स्टेशनों और अंतरिक्ष में मौजूद उपग्रहों के बीच सुरक्षित संपर्क स्थापित करने का मुख्य आधार



छेड़छाड़ होते ही क्वांटम स्थिति बदल जाएगी, महंगे ऑप्टिकल फाइबर बिछाने की जरूरत नहीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के पहले फ्री-स्पेस क्वांटम की डिस्ट्रीब्यूशन (क्यूकेडी) लिंक का 5.56 किमी की दूरी पर सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया गया है। क्यूएनयू लैब्स ने भास्करचार्य नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस एप्लीकेशन एंड जियो-इन्फॉर्मेटिक्स (बीआईएसएजी-एन) और आईआईटी गांधीनगर के साथ मिलकर यह उपलब्धि हासिल की। यह क्षेत्र परीक्षण 27-28 सितंबर की रात को किया गया। इसमें बीआईएसएजी-एन और आईआईटी गांधीनगर के बीच सुरक्षित क्वांटम कम्युनिकेशन चैनल स्थापित किया गया। क्यूएनयू लैब्स के पॉइंटिंग, एक्विजिशन और ट्रैकिंग सिस्टम का उपयोग हुए, इस परीक्षण में 5% से कम का स्थिर क्वांटम बिट एरर रेट हासिल किया गया और 230-260 बीपीएस की दर से सुरक्षित कीज बनाई गईं। इन कीज को बीआईएसएजी-एन के पोस्ट-क्वांटम क्रिप्टोग्राफी-सक्षम वैदिक कवच प्लेटफॉर्म के साथ एकीकृत किया गया।। इससे टेस्ट मैसेज का सफल एंड-टू-एंड एनक्रिप्शन और डिक्रिप्शन संभव हो सका। इसके जरिए भेजी गई गुप्त कुंजियों को कोई भी हैकर या तीसरा पक्ष बिना पकड़े पढ़ या चुरा नहीं सकता, क्योंकि डेटा या सिग्नल से छेड़छाड़ होने पर क्वांटम स्थिति तुरंत बदल जाती है और इसकी जानकारी तुरंत उपयोगकर्ताओं को मिल जाती है। इसके लिए महंगे ऑप्टिकल फाइबर बिछाने की जरूरत नहीं पड़ती है, जो पहाड़ी इलाकों, जंगलों या पानी के निकायों के पार बहुत कठिन और महंगा होता है।

खरगे ने कहा- लोकसभा और विधानसभाएं भंग करो

गैरकानूनी तरीके से पद पर हैं मोदी-शाह, बैलेट पेपर से हों चुनाव

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं को भंग करने की मांग की। उन्होंने दावा किया कि सभी चुनाव गैर-कानूनी हैं और इसी आधार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राज्यों के मुख्यमंत्री भी गैर-कानूनी हैं।



खरगे ने मांग की कि सभी सदनों को भंग कर नए सिरे से चुनाव कराए जाएं और इन चुनावों में ईवीएम की जगह बैलेट पेपर का इस्तेमाल हो। पत्रकारों से बातचीत में खरगे ने कहा कि आज पूरा देश गैर-कानूनी चुनावों के आधार पर चल रहा है। मोदी एक गैर-कानूनी प्रधानमंत्री हैं, शाह एक गैर-कानूनी मंत्री हैं और जहां भी मुख्यमंत्री चुने गए हैं, वे सभी गैर-कानूनी हैं।

एसआईआर को लेकर साधा निशाना

कर्नाटक में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने देश के कई राज्यों में चल रही एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया में कई गड़बड़ियां हैं और सरकार की ओर से कई गलतियां की जा रही हैं। इसका सीधा असर लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर पड़ रहा है और लोकतंत्र कमजोर हो रहा है।

मेघालय की घटना का वीडियो वायरल

बीमार बच्चा लेकर 3 घंटे पैदल चली मां अस्पताल पहुंचने से पहले मौत

शिलांग। मेघालय के वेस्ट खासी हिल्स जिले के डोमकिरकोह गांव में शुक्रवार को एक बीमार बच्चे की उसकी मां की गोद में ही मौत हो गई। खराब सड़क के कारण कोई भी गाड़ी गांव में आने को तैयार नहीं थी। परिवार ने रातभर बच्चे को अस्पताल ले जाने के लिए गाड़ी का इंतजाम करने की कोशिश की। इंतजाम न होने पर माता-पिता अगले दिन पैदल निकल पड़े।

डिप्टी कमिश्नर ने घटना की रिपोर्ट मांगी



परिवार करीब तीन घंटे तक पैदल चलकर 10 किमी दूर मावडेट गांव के लिए निकला, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही बीमार बच्चे की मौत हो गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। डिप्टी कमिश्नर ने मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

सार्वजनिक सूचना
(हाउसिंग विंग) हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण बहादुरगढ़
(कानूनी उत्तराधिकारियों की सहमती से)
सभी व संबंधित को सूचित किया जाता है कि फ्लैट नंबर-1364GF, हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, सैक्टर-7, बहादुरगढ़, जिला झज्जर (हरियाणा) की अलाटमैंट श्री नरेंद्र भारद्वाज पुत्र श्री जगदीश चंद्र निवासी मकान नंबर-1286, सैक्टर-6, बहादुरगढ़, जिला झज्जर हरियाणा के नाम है। प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार स्व. श्री नरेंद्र भारद्वाज पुत्र श्री जगदीश चंद्र की दिनांक 27-01-2020 को मृत्यु हो चुकी है। अतः कानूनी उत्तराधिकारियों की सहमती के बाद उपरोक्त फ्लैट की अलाटमैंट को इस कार्यालय के द्वारा श्रीमती मीनाक्षी भारद्वाज पत्नी श्री नरेंद्र भारद्वाज निवासी मकान नंबर-1286, सैक्टर-6, बहादुरगढ़, जिला झज्जर हरियाणा-124507 के नाम हस्तांतरित किया जाना है।
यदि किसी भी व्यक्ति को उपरोक्त फ्लैट नंबर-1364 GF, हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, सैक्टर-7, बहादुरगढ़, जिला झज्जर (हरियाणा) की अलाटमैंट के हस्तांतरण संबंधी किसी प्रकार की कोई आपत्ति है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर साक्ष्य सहित इस कार्यालय में अपनी लिखित आपत्तियां दर्ज करा सकता है। यदि इस अवधि के दौरान इस कार्यालय में कोई भी आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो उपरोक्त फ्लैट की अलाटमैंट, प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर श्रीमती मीनाक्षी भारद्वाज पत्नी श्री नरेंद्र भारद्वाज निवासी मकान नंबर-1286, सैक्टर-6, बहादुरगढ़, जिला झज्जर हरियाणा-124507 के नाम ट्रांसफर कर दी जाएगी और इसके बाद इस ट्रांसफर के संबंध में कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी।
हस्ता/-संपदा प्रबंधक, हाउसिंग विंग हरियाणा, बहादुरगढ़।

ज्योतिष
कहते नहीं करके दिखाते हैं
सभी समस्याओं का समाधान जैसा चाहोगे करके दूंगा
कारोबार, प्यार में परेशानी, दुश्मन से छुटकारा, गृहक्लेश, पति-पत्नी के झगड़े, लव मैरिज, प्रोपर्टी, कोर्ट केस, किया कराया, जादू टोना, मनचाही इच्छा
A to Z समस्या का समाधान
स्पेशलिस्टः मनचाहा प्यार, प्रेम-विवाह
पंडित पी. के. शास्त्री
हमारे किये हुए काम को कोई ज्योतिष, पंडित या मौलवी काट दे तो उसे मुंह मांगा ईनाम।
काम ना होने पर पैसे वापस
+91 99974 92579

गुजरात का हादसा, पेट्रोल पंप पर मची अफरा-तफरी

सीएनजी भरवाते समय कार में धमाका, गाड़ी के उड़े परखच्चे

वडोदरा। गुजरात में वडोदरा जिले के करजन में एक पेट्रोल पंप पर उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब वहां एक कार में सीएनजी भरते वक्त उसके पिछले हिस्से में अचानक धमाका हो गया। कार का टैंक फटने की वजह से यह धमाका हुआ, जिससे पंप पर मौजूद लोगों और कर्मचारियों में दहशत फैल गई। अच्छी बात यह रही कि उस वक्त कार के अंदर कोई नहीं था, जिससे हादसे में किसी इंसान को कोई चोट नहीं लगी। घटना का वीडियो सामने आया है। जिस कार में धमाका हुआ उसे और उसके आसपास खड़ी कुछ गाड़ियों में भी नुकसान पहुंचा है। वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि यह धमाका इतना जबरदस्त था कि कार की बॉडी कागज की तरफ फट गई और कार के पिछले हिस्से के पुर्जे और टूटे हुए शीशे कई मीटर तक दूर जा गिरे।



मध्यप्रदेश के अनूपपुर की दर्दनाक घटना

युवक ने नाना-नानी, मां और बहन को मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अनूपपुर

मध्यप्रदेश के अनूपपुर में शनिवार को एक युवक ने अपनी नानी, नाना, मां और मामा की बेटी की डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। हमले में नाना की आंखें भी फोड़ दी। परिवार के तीन लोग घायल हुए हैं, जबकि हमले में घायल पुजारी गंगाराम का इलाज चल रहा है। वारदात अमोदा गांव की है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया। मृतकों में 70 वर्षीय नानी भन्नी बाई गोंड, 75 वर्षीय नाना संपत सिंह गोंड, 50 वर्षीय मां अनूपिया बाई और मामा की बेटी मोनिका शामिल हैं। घायलों में चंचल (6), भारती सिंह (3), चैन सिंह और पुजारी गंगाराम शामिल हैं। आरोपी के मामा चैन सिंह ने बताया कि उनका घर अमोदा गांव की बस्ती से करीब एक किलोमीटर दूर नाले के पास है। रात करीब 11 बजे प्रेम सिंह नाला पार कर शनि मंदिर पहुंचा। यहां उसने पुजारी गंगाराम को लाठी से पीटना शुरू कर दिया। हमले में पुजारी लहूलुहान होकर बेहोश हो गए। शोर सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और प्रेम सिंह को रस्सी से बांध दिया। पुजारी के परिजन उन्हें बेहोशी की हालत में जबलपुर ले गए।

हत्याएं क्यों की? इसका पता नहीं चल सका, एक की आंखें फोड़ी, मामा बोले- पत्थर से कुचला, परिवार खत्म कर दिया

PUBLIC NOTICE
IN THE COURT OF THE CIVIL JUDGE AND JMFC AT TIPTUR
OS.NO. 50/2025
BETWEEN:
SURESH KUMAR ----- PLAINTIFF
AND:
Mr.SHYAM SUNDER SEJWAL ---DEFENDANT
NOTICE TO THE DEFENDANT
Whereas the above named Plaintiff has instituted the above suit against you for recovery of money along with interest and costs, and whereas the summons issued to you could not be served upon you. Hence you, **Mr.SHYAM SUNDER SEJWAL** Proprietor of R.K Enterprises, H25, Jaildargali, Jattwara Mohalla, Bahadurgarh, Haryana-124507 that you are hereby called upon to appear before the Hon'ble Court Add Civil Judge and JMFC at Tiptur, Tumakuru District, and State of Karnataka on 11/11/2026 at 11 A.M., either personally or through an advocate duly instructed by you, and contest the above suit. If you fail to appear before the Court on the aforesaid date, the matter may be proceeded with and decided ex parte in accordance with law, without any further notice to you.
Given under my hand with the court seal on 3rd Day Oct.-2026
Place : Tiptur Civil Judge &
Date :03-10-2026 JMFC Court, Tiptur

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
Sh. Kuldeep Singh
Matrimonial Cases Special Courts, Gohana
KOMAL
Vs.
RAM KARAN
CNR No. HRSOF3-000205-2026
Next Date : 03.11.2026
The Plaintiff Prays for divorce on the ground of 13(i)(ia) of H.M. Act.
PUBLICATION ISSUED TO RESPONDENT:-
Ram Karan
Son:- Parkash
Village Chhapar, Tehsil Safidon, District Jind.
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **03.11.2026 at 10:00 a.m.**
For details logon to **https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Sonipat**
Sd/- Matrimonial Cases Special Courts, Gohana
Dated, this day of 29.09.2026

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
Ms. Anuradha
Civil Judge (Senior Division), Hisar
JAIPREET KAUR
Vs.
PARKASH SINGH
CNR No. HRHS02-000223-2019
Next Date : 08.10.2026
Application for Restoration of Civil Suit for declaration to the effect that the plaintiff is owner in possession of agriculture land, measuring v being 25K-3M out of total land measuring 10CK-12M comprised in khewat no. 439 khatori no. 539 situated in the revenue estate of village Uklana, Tehsil Uklana District Hisar to its original position
PUBLICATION ISSUED TO :-
Jasvinder Kaur wd of Parkash Singh :-
R/o V. Uklana Tehsil Uklana District Hisar (Legal Heir of defendant Parkash Singh S/o Amandeep Singh)
In above ttled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **08.10.2026 at 10:00 a.m.**
For details logon to **https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Hisar**
Sd/- Civil Judge (Senior Division), Hisar
Dated, this day of 19.09.2026

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
Ms. Arya Sharma
Additional Principal Judge, Family Court, Rohtak
Next Date, Purpose of case, Orders and Judgments as well as other case information is available on **http://ecourts.gov.in**
KRISHAN DUTT SON OF SH. CHHOTU RAM
Vs.
General Public
CNR No. HRRH01-005864-2026
GW/59/26
Next Date : 29.10.2026
PUBLICATION ISSUED TO :-
General Public
Whereas it has been proved to the satisfaction of the Court that the defendant(s)/respondent(s) above named cannot be served in the ordinary way of service. Hence, this proclamation under order 5 Rule 20 CPC is hereby issued against him/them and should appear personally or through their counsel on 29-10-2026 at 10:00 a.m.
Take notice that, in default of his/their appearance on the day before mentioned, the above said case will be heard and determined in his/their absence according to law.
Given under my hand and the seal of the Court, this 03-10-2026.
Sd/- Additional Principal Judge, Family Court, Rohtak 3/10/26

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

बैतूल-इंदौर हाइवे पर हुआ दर्दनाक हादसा

हार्वेस्टर से टकरा गई कार युवक की गर्दन अलग हुई

बैतूल। बैतूल-इंदौर फोरलेन पर चिचोली थाना क्षेत्र के कुम्हली-दनोरा के बीच शुक्रवार रात कार और हार्वेस्टर की टक्कर हो गई। हादसे के बाद कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें कार सवार 20 वर्षीय अंकित चंदेल की मौके पर मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि उसकी गर्दन धड़ से अलग हो गई। उसका साथी रेमोन पवार गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसे बैतूल से प्राथमिक उपचार के बाद नागपुर रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार गढ़ा निवासी अंकित चंदेल फार्मेसी का छात्र था और मेडिकल पर भी काम करता था। शुक्रवार रात वह अपने दोस्त रेमोन पवार के साथ एक कार से बैतूल से चिचोली की ओर जा रहा था। कुम्हली-दनोरा के बीच कार आगे चल रहे हार्वेस्टर से टकरा गई। टक्कर के बाद कार बेकाबू होकर सड़क किनारे पलट गई।

राशिफल

मेष शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

वृष व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

मिथुन अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

कर्क आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

सिंह शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

कन्या क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के वविादों से बचने का प्रयास करें।

तुला पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

वृश्चिक घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

धनु पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

मकर परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

कुंभ परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

मीन वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

कीट विश्वविद्यालय भुवनेश्वर भारत की चौथी सर्वश्रेष्ठ यूनिवर्सिटी बनी

भुवनेश्वर। कीट डीम्ड विश्वविद्यालय भुवनेश्वर ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रदर्शन करते हुए टाइम्स हाईर एजूकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2027 में भारत के विश्वविद्यालयों के बीच चौथा स्थान प्राप्त किया है। साथ ही, यह पूर्वी भारत में प्रथम स्थान पर रहा है। रैंकिंग आज जारी की गई। विश्वविद्यालय ने पिछले वर्ष की तुलना में राष्ट्रीय रैंकिंग में एक स्थान की बढ़त हासिल की है। वैश्विक रैंकिंग में कीट डीम्ड विश्वविद्यालय भुवनेश्वर को 501–550 के समूह (कोहोर्ट) में स्थान मिला है। दुनिया भर से बढ़ी हुई भागीदारी के बावजूद यह पिछले वर्ष की तुलना में महत्वपूर्ण सुधार है। इस नवीनतम रैंकिंग में विश्वविद्यालय के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक विकास को दर्शाया गया है। विशेष रूप से शिक्षण की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार के साथ-साथ शोध के वातावरण, उद्योग के साथ जुड़ाव और अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण के क्षेत्र में भी बेहतर प्रदर्शन दर्ज किया गया है। दुनिया भर से बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच हासिल हुई यह प्रगति कीट डीम्ड विश्वविद्यालय भुवनेश्वर की निरंतर संस्थागत रणनीतियों, मजबूत गुणवत्ता-आश्वासन व्यवस्था तथा बुनियादी ढांचे और शैक्षणिक विकास में लगातार निवेश को दर्शाती है। यह उपलब्धि कीट के नेतृत्व के विजन, संकाय सदस्यों की मेहनत, शोधकर्ताओं की उपलब्धियों और विश्वविद्यालय के जीवंत वैश्विक छात्र समुदाय की प्रतिबद्धता का भी प्रमाण है।



टाइम्स वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2027 में पूर्वी भारत में शीर्ष स्थान

गलगोटियास 24 पायदान चढ़कर देश में 41वाँ स्थान हासिल किया

ग्रेटर नोएडा। टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स 2027 में गलगोटियास विश्वविद्यालय ने 24 स्थान की छलांग लगाकर भारत के सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों में 41वाँ स्थान प्राप्त किया है। 2026 संस्करण में विश्वविद्यालय 65वें स्थान पर था। विश्वविद्यालय भारत के निजी विश्वविद्यालयों और संस्थानों में भी सात स्थान आगे बढ़कर पिछले वर्ष के 27वें स्थान से 20वें स्थान पर पहुँच गया है। वैश्विक स्तर पर गलगोटियास 2026 के 1201-1500 बैंड से आगे बढ़कर 1001-1200 रैंक बैंड में पहुँच गया है। गलगोटियास विश्वविद्यालय ने क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स 2027 में भी 1201-1400 वैश्विक बैंड में स्थान हासिल किया है। इस रैंकिंग में विश्वविद्यालय भारत के निजी विश्वविद्यालयों में 16वें, देश के सभी विश्वविद्यालयों में 46वें और उत्तर प्रदेश के निजी विश्वविद्यालयों में तीसरे स्थान पर है। टाइम्स हायर एजुकेशन और क्यूएस, दोनों अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में स्थान मिलना विश्वविद्यालय की बढ़ती वैश्विक पहचान का महत्वपूर्ण पड़ाव है। विश्वविद्यालय शोध और नवाचार पर लगातार काम कर रहा है। इसका शोध आधार 9,940 सेअधिकस्कोपस-इंडेक्स्डप्रकाशनों, 80,780 सेअधिकसाइटेशन, और 104के h-इंडेक्सपरआधारितहै। विश्वविद्यालयकेसात संकाय सदस्य विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों में शामिल हैं, और विश्वविद्यालय ने आईसीएसएसआर, एएनआरएफ, सीएसआईआर और एसईआरबी सहित एजेंसियों से 15 सरकारी वित्तपोषित शोध परियोजनाएँ प्राप्त की हैं।

शब्द पहेली - 6367



बाएँ से दाए
1. पवनपुत्र, हनुमान-3,3
5. मजार-4
8. बगीचा (अंग्रेजी में-2)
9. तहजीब, तमीज-3
10. सत्य, तेज-2
11. पतंगा-4
12. ईसाई साध्वी-2
14. इंकार करना-4
16. उत्तम, आदर्शवादी-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
20. पागलपन, सनक-5
23. पालन-पोषण-5
26. आनंद लेना-2,2
27. बेईमानी, अमानत में खयानत-3
29. अप्रधान, गौण-4
30. ठाठ-बाट-2
32. अति काला, एक प्रकार की लकड़ी-4
33. रहस्य-2
35. गरुड़ जो रावण से लड़ा था-3
36. कमरा, रूम-2
37. जल में रहने वाला-4
38. धर्म के उपदेश देनेवाला-6

ऊपर से नीचे
1. पलायन करने वाला-6
2. जंगल-2
3. दांत से छोटे टुकड़े करना-4
4. जिव्हा, जीभ-3
5. घर, भवन-3
6. यात्री गाड़ी-2
7. चौबीस घंटे का समय-4
11. परीक्षण करना-4
13. भीगा हुआ-2
15. खीजना-4
17. उपस्थिती-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
19. संपत्ति-2
21. उचित, सही-3
22. पंख, पराया-2
24. देश निर्वासन-4
25. अंगरक्षक-3,3
27. हाथी-4
28. मद, सरूर-2
29. अनुसार, समान-4
31. निगाह, दृष्टि-3
32. हथियार-3
34. पानी, नीर-2
36. सिगरेट का धुआं खींचना, सुट्टा-2

शब्द पहेली- 6366 का हल

उ	प	चा	र		मि		वि	रा	स	त
	र		धु		ग	द	र		ही	न
क			व	रा	ह		ह			हा
म	हा	वी	र		बा	ल		क	मा	ई
जो		रा		ना	न		श		ख	
र	म	णी	य	ता		भा	व	ही	न	ता
	न		म		ज	ल		ट		र
अ	का	ल		शू	ल		नी	र	व	ता
प			न		प्र	ख	र			र
रा	ल		म	हु	वा		स		मी	
ध	ड़	क	न		ह		ता	र	त	य



खबर संक्षेप

बंगाल विस स्पीकर की तबीयत बिगड़ी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा के अध्यक्ष रथिंद्र बोस को शुक्रवार रात सीने में तेज दर्द



की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनका पूर्वी कोलकाता में ईस्टर्न मेट्रोपॉलिटन बाईपास के पास एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है। उनकी स्वास्थ्य स्थिति लगभग स्थिर है। शुक्रवार को 2कार्यक्रमों में हिस्सा लिया था।

कैश फॉर जॉब मामले में सुनवाई फिर टली

नई दिल्ली। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने जमीन के बदले नौकरी से जुड़े लारा प्रोजेक्ट मनी



लॉन्ड्रिंग केस में औपचारिक रूप से आरोप तय करने की कार्यवाही शनिवार को टाल दी। अब अगली सुनवाई 30 अक्टूबर को होगी। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और राबड़ी तथा पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी कोर्ट पहुंचे।

बैंक के 16.35 करोड़ लौटाए, फिर भी जेल

पंचकूला। बैंक धोखाधड़ी मामले में पंचकूला स्थित सीबीआई की विशेष मजिस्ट्रेट अदालत ने दोषी



सुशील कुमार गर्ग को 1 साल की सजा सुनाई है। उस पर 15 हजार जुर्माना भी लगाया है। दोषी ने मुकदमे के दौरान बैंक की पूरी बकाया राशि 16.35 करोड़ चुका दी थी। इस मामले में दोषी की ओर से कहा गया कि वह परिवार का इकलौता कमाने वाला है।

हिंगोली में 3 घंटे में भूकंप के 2 झटके

मुंबई। महाराष्ट्र के हिंगोली जिले के कई इलाकों में शनिवार सुबह कुछ ही घंटों के अंतराल पर भूकंप के



2हल्के झटके महसूस किए गए। इससे स्थानीय निवासियों में हड़कंप मच गया। किसी भी प्रकार के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। जिला आपदा प्रबंधन के अनुसार, पहला झटका सुबह करीब 7:46 बजे लगा,तीव्रतe 3.3 मापी गई।

मोबाइल विवाद के बाद बड़ा भाई तालाब में कूदा

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में मोबाइल फोन के इस्तेमाल को लेकर छोटे भाई से विवाद के बाद बड़े भाई ने तालाब में कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान राठ थाना क्षेत्र के मांजखोर निवासी अभिषेक (20) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार देर रात मोबाइल फोन के इस्तेमाल को लेकर अभिषेक का अपने छोटे भाई से झगड़ा हुआ था। जिसके बाद वह करीब आधी रात को घर से निकल गया।

हिमाचल में पर्यटकों की आमद बढ़ने से होटल भरे, मनाली-शिमला-धर्मशाला में जाम ही जाम

भाषा ▶▶| शिमला



लंबे सप्ताहांत के दौरान पर्यटकों की भारी आमद से हिमाचल प्रदेश के कई प्रमुख पर्यटन स्थलों पर यातायात प्रभावित हुआ है और प्रमुख पर्यटन केंद्रों में होटल 60 से 80 प्रतिशत तक भरे हुए हैं। पर्यटन उद्योग से जुड़े प्रतिनिधि ने जानकारी दी। फेडरेशन ऑफ हिमाचल होटल्स एंड रेस्टोरेंट्स एसोसिएशन (एफओएचएचआरए) के अध्यक्ष गजेंद्र ठाकुर ने कहा कि लंबे सप्ताहांत के दौरान पर्यटकों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है और बड़ी संख्या में लोग राज्य के लोकप्रिय पर्यटन स्थलों का रुख कर रहे हैं। मनाली, धर्मशाला और शिमला जैसे पर्वतीय पर्यटन स्थलों की सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें देखी गईं, जिससे जाम की स्थिति बनी रही।

ठाकुर ने कहा कि हमने राज्य सरकार से उन मार्गों पर पर्यटकों की सहायता और यातायात प्रबंधन के लिए विशेष पुलिसकर्मियों की तैनाती का अनुरोध किया था, जहां अक्सर जाम लगता है। इससे पर्यटकों के साथ-साथ स्थानीय लोगों को भी सुविधा होती।" मनाली में पर्यटन कारोबारियों ने पिछले दो दिनों में पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की जानकारी दी है। इसके कारण सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं। उन्होंने कहा कि यातायात जाम के कारण पर्यटकों और स्थानीय लोगों दोनों को परेशानी हो रही है और प्रशासन से स्थिति सुधारने के लिए कदम उठाने का आग्रह किया। एक पर्यटक ने कहा कि लोकप्रिय पर्यटन स्थलों पर यातायात जाम अब नियमित समस्या बन गया है।

पार्किंग मिलना भी आसान नहीं

दिल्ली से आए पर्यटक अशोक ने कहा कि हम दो दिन के लिए शिमला आए हैं, लेकिन सड़कों पर वाहनों की रफ्तार बहुत धीमी है और पार्किंग मिलना भी आसान नहीं है।" पुलिस अधीक्षक कुलभूषण वर्मा ने कहा कि कांगड़ा में मैक्लोड गंज, धर्मशाला और बीर-बिलिंग में पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पुलिस ने यातायात और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की है।

खाद्य पैकेट पर चेतावनी लेबल सेहतमंद का विकल्प चुनने में मददगार: विशेषज्ञ

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

पैकेट वाले खाद्य पदार्थों पर चीनी, वसा या नमक की अधिक मात्रा को दर्शाने वाले चेतावनी लेबल पैकेट के सामने लगाए जाने से ग्राहकों को अस्वास्थ्यकर तत्वों से होने वाले नुकसान की पहचान आसानी से होगी और वे बेहतर विकल्प चुन सकेंगे। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने यह बात कहते हुए 'लेबलिंग' के साथ-साथ पोषण संबंधी जागरूकता फैलाने पर भी जोर दिया है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने पैकेट बंद खाद्य पदार्थों के सामने वाले हिस्से पर लाल रंग का षट्कोणीय चेतावनी निशान लगाने का प्रस्ताव दिया है। यह निशान उन उत्पादों पर लगाया जाएगा जिनमें चीनी, नमक या वसा में कम से कम एक या उससे अधिक तत्व तय सीमा से अधिक



पाया जाएगा। यह सीमा 'आइसीएमआर-एनआईएन' (भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद) की 2024 के पोषण संबंधी दिशानिर्देशों पर आधारित है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली के मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ. नवल के. विक्रम ने कहा कि प्रस्तावित चेतावनी लेबल ग्राहकों को खरीदारी के समय यह पहचानने में मदद करेंगे कि किस खाद्य पदार्थ में अत्यधिक चीनी, नमक या वसा मौजूद है।

पोषण संबंधी व्यापक शिक्षा दी जानी चाहिए

डॉ. विक्रम ने कहा, मोटापा और उपापचय (मेटाबॉलिक) से जुड़ी बीमारियां कई कारणों से होती हैं, लेकिन खान-पान का तरीका और अत्यधिक प्रसंस्कृत भोजन का बार-बार सेवन इसके मुख्य कारण हैं।ह उन्होंने कहा कि ज्यादातर ग्राहकों के पास खरीदारी करते समय पीछे लिखे विस्तृत पोषण चार्ट को पढ़ने या समझने का समय और ज्ञान नहीं होता। सामने दिया गया रल और स्पष्ट चेतावनी लेबल इस जानकारी को आसान बनाएगा, जिससे लोग अलग-अलग उत्पादों की तुलना आसानी से कर सकेंगे। हालांकि, डॉ. विक्रम ने इस जोर दिया कि लेबलिंग के साथ-साथ पोषण संबंधी व्यापक शिक्षा दी जानी चाहिए।

एसआईआर में गड़बड़ी का आरोप, सीईसी ज्ञानेश के इस्तीफे की मांग

जंतर-मंतर पर दूसरे दिन लेफ्ट का प्रदर्शन 150 हिरासत में, तीन एफआईआर दर्ज कीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने विरोध प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी थी। प्रदर्शन के दौरान कई सड़कों पर अवरोधक लगाए गए थे। दूसरे दिन भी जंतर-मंतर के आसपास पुलिस की तैनाती जारी रही, क्योंकि आईसा और अन्य संगठन विरोध प्रदर्शन जारी रखने की कोशिश कर रहे हैं।



मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान राजनीतिक नेताओं और छात्र कार्यकर्ताओं समेत 1,000 से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिए जाने के एक दिन बाद शनिवार को आईसा के कार्यकर्ता कड़ी पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के बीच जंतर-मंतर के पास जुटने लगे। पटेल चौक से जंतर मंतर की ओर मार्च करने का प्रयास करने वाले करीब 150 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए प्रदर्शनकारियों में ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा, कार्यकर्ता योगेंद्र यादव और वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण शामिल हैं। आइसा के सदस्यों ने बताया कि वरिष्ठ अधिवक्ताओं कपिल सिब्बल, नित्या रामकृष्णन, पल्लव सिसोदिया और प्रशांत भूषण के साथ कार्यकर्ता योगेंद्र यादव भी बोरा और अन्य छात्रों के साथ मार्च में शामिल हुए। आईसा की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा के आह्वान के बाद शनिवार को प्रदर्शनकारी जमा हुए। बोरा को शुक्रवार को हिरासत में लिया गया था। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपराह्न एक बजे जंतर-मंतर लौटने और विरोध प्रदर्शन जारी रखने को कहा था। प्रदर्शनकारी मतदाता सूचियों के

अभिजीत दिपके समेत 500 सीजेपी समर्थकों पर मुकदमा

मुंबई। मुंबई के शिवाजी पार्क में बिना इजाजत के इकट्ठा होने, नारे लगाने और घोषणाएं करने के आरोप में शनिवार को 'कॉकरोच जनता पार्टी' (सीजेपी) के समर्थकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मुंबई पुलिस ने करीब 400 से 500 अज्ञात समर्थक और प्रदर्शनकारी पर केस दर्ज किया है। इनमें सीजेपी सदस्य अजिंक्य शिंदे, प्रणय अहीरे, आशुतोष रंका, अभिजीत दिपके, सौरव दास, आफरीन नवाज, सौम्या कोर्डे, अंकित भारद्वाज, विजय मलंगी और योगेश इंगले शामिल थे। ये सब दादर वेस्ट में मीनाताई ठाकरे मेमोरियल के सामने शिवाजी पार्क ग्राउंड के गेट नंबर 6 पर बिना अनुमति के जमा हुए।

युवा कांग्रेस प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिलने पर अदालत पहुंचे

नई दिल्ली (भाषा)। भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब ने जंतर-मंतर पर प्रस्तावित प्रदर्शन की अनुमति देने से पुलिस के इनकार को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती देते हुए दलील दी है कि प्रशासन शांतिपूर्ण सभाओं को नियंत्रित करने की आड़ में उन पर रोक नहीं लगा सकता। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, याचिका में दिल्ली पुलिस के एक अक्टूबर के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें युवा कांग्रेस के करीब 100-150 लोगों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के आयोजन के अनुरोध को खारिज कर दिया गया था।

सौरभ और आशुतोष रांका 'लिबरल्स' पर भड़के

कई बार वे भाजपा इकोसिस्टम से भी बुरे



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की केंद्र सरकार के खिलाफ बेहद आक्रामक रुख अपनाने वाली कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) अब कथित 'लिबरल्स इकोसिस्टम' पर ही भड़क गई है। सीजेपी के सह-संयोजक सौरभ दास और आशुतोष रांका ने शनिवार को इनकी आलोचना करते हुए यहां तक कहा कि वे कई बार भाजपा के इकोसिस्टम से भी बुरा बर्ताव करते हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर सीजेपी के मुंबई और लेफ्ट समेत कई दलों-संगठनों के दिल्ली में प्रदर्शन के एक दिन बाद यह टकराव देखने को मिला है। आशुतोष रांका या सौरभ दास ने इस तरह की बातें क्यों कहीं, इसको लेकर कोई वजह तो नहीं बताई है। लेकिन माना जा रहा है कि लेफ्ट, कांग्रेस और सीजेपी के बीच 'जेन जी' की अगुआई को लेकर टकराव हो गया है। मुद्दों पर सहमति के बावजूद आंदोलन के नेतृत्व और क्रेडिट को लेकर खींचतान चल रही है। अलग-अलग खेमों की तरफ से भाजपा के खिलाफ लड़ाई में खुद को ज्यादा मजबूत और दूसरे से बेहतर बताया जा रहा है। यही वजह है कि शनिवार को सीजेपी, आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और वाम दलों ने ज्ञानेश कुमार के खिलाफ मोर्चा खोला तो उनके बीच तालमेल का अभाव दिखा। कोई मुंबई गया तो कोई दिल्ली में रहा ।

'इंडिया' गठबंधन में शामिल होंगे स्वामी प्रसाद मौर्य

'अपनी जनता पार्टी' अध्यक्ष राहुल से मिले

भाषा ▶▶| नई दिल्ली



उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री और 'अपनी जनता पार्टी' के अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मुलाकात की और ऐलान किया कि उनकी पार्टी अब विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा बनेगी।

मौर्य ने कहा कि गठबंधन के तहत उनकी पार्टी कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी और आगे की रणनीति क्या होगी, इस पर बाद में चर्चा की जाएगी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि उनकी पार्टी का लक्ष्य "भाजपा को हटाओ, देश बचाओ" और "संविधान बचाओ, भाजपा हटाओ" रहेगा। मौर्य ने कहा कि जिस तरह राहुल गांधी देशभर में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अल्पसंख्यकों की आवाज उठा रहे हैं, उसी तरह हमारी पार्टी उत्तर प्रदेश में इन वर्गों की आवाज उठा रही है। उन्होंने कहा कि दोनों दलों की विचारधारा में समानता को देखते हुए अपनी जनता पार्टी आगामी चुनाव में इंडिया गठबंधन के हिस्से के रूप में मैदान में उतरेगी।

मौर्य ने कहा कि गठबंधन में भूमिका और सीटों के बंटवारे से संबंधित अन्य विवरण पर आगे बातचीत की जाएगी।

मथुरा के 8 बार विधायक रहे श्याम सुंदर व आप की प्रियंका भी कांग्रेस में हुई शामिल



नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री और मथुरा की मांट विधानसभा सीट से आठ बार विधायक रहे श्याम सुंदर शर्मा ने अब कांग्रेस में वापसी की है। दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय में पूर्व विधायक श्याम सुंदर शर्मा ने कांग्रेस का हाथ थामा है। इसके साथ ही आम आदमी पार्टी की नेता प्रियंका कक्कड़ भी कांग्रेस में हुई हैं। पत्रकार रजत टंडन भी कांग्रेस में शामिल हुए हैं। वहीं कांग्रेस में शामिल होते ही पूर्व मंत्री श्याम सुंदर शर्मा ने ऐसा बयान दिया जो काफी चर्चा में आ गया। पूर्व विधायक श्याम सुंदर शर्मा ने कहा कि एक बागवान फिल्म आई थी उसमें कहता है ये बुड्ढा किस काम का, आज मैं कहता है ये बुड्ढा बहुत काम का है। उन्होंने कहा कि में स्वतंत्रता सेनानी परिवार से हूं, तिवारी कांग्रेस बनी तो भ्रमवश तिवारी जी के साथ चले गए। पिछली बार कम मार्जिन से मैं हार गया, राजनीति का मतलब है सेवा और ये सोच सिर्फ कांग्रेस के अंदर है।वहीं यूपी में बड़ा परिवर्तन होगा। यूपी में शुक्रवार को आराधना मिश्रा को अध्यक्ष बनाया है, कोई पार्टी आत्मघाती कदम क्यों उठाएगी।

महिला से उसके फ्लैट में की थी वारदात

ओडिशा में दुष्कर्म का आरोपी पुलिस की गोलीबारी में घायल

भाषा ▶▶| भुवनेश्वर

एक महिला से उसके घर में दुष्कर्म करने का आरोपी व्यक्ति शनिवार को यहां पुलिस के साथ मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। भुवनेश्वर के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सरवणा विवेक एम ने बताया कि गिरफ्तारी के प्रयास के दौरान आरोपी ने धारदार वस्तु से पुलिसकर्मियों पर हमला करने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई। गोली आरोपी के दाहिने पैर में लगी।

बंदूक के बल पर की वारदात

डीसीपी ने बताया कि आरोपी चंदका इलाके में मोटरसाइकिल से जा रहा था और पुलिस को मिली सूचना के आधार पर उसे रोका गया था। घायल आरोपी को कैपिटल अस्पताल ले जाया गया है। व्यक्ति पर बुधवार रात 26 वर्षीय एक महिला के साथ यहां उसके किराये के फ्लैट में बंदूक के बल पर दुष्कर्म करने का आरोप है। आरोप है कि आरोपी ने घटना के समय चेहरे पर मास्क लगा रखा था। आरोपी पिछले कुछ वर्षों से भुवनेश्वर में रह रहा था।

जल निकायों की दूसरी गणना में पांच राज्यों में हुई गिरावट

रिपोर्ट केंद्रीय जल शक्ति मंत्री पाटिल ने जारी की

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

जल निकायों की दूसरी गणना में महाराष्ट्र में 4.74 लाख जल निकाय दर्ज किए गए हैं, जो पहली गणना में दर्ज संख्या से लगभग पांच गुणा अधिक हैं। वहीं उत्तर प्रदेश में 2.86 लाख जल निकाय दर्ज किए गए हैं। कर्नाटक, पंजाब और जम्मू-कश्मीर में भी जल निकायों की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

पांच राज्यों मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, झारखंड, तेलंगाना और राजस्थान में पहली गणना की तुलना में जल निकायों की संख्या में कमी दर्ज की गई। इनमें मिजोरम में सबसे ज्यादा 63 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई।

दूसरे खंड में चंडीगढ़ शामिल

जिसके बाद अरुणाचल प्रदेश में 50 प्रतिशत की कमी आई। ये आंकड़े जल निकायों की दूसरी गणना के खंड-2, भाग-2 का हिस्सा हैं। इसमें 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ तथा जम्मू-कश्मीर को शामिल किया गया है। यह रिपोर्ट केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने 25 सितंबर को यहां भारत मंडपम में आयोजित नौवें भारत अंतरराष्ट्रीय जल सप्ताह के समापन समारोह के दौरान जारी की थी। दूसरे खंड में आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के अलावा चंडीगढ़ और जम्मू-कश्मीर को शामिल किया गया है।

वड़िंग मेरे छोटे भाई, समय के साथ बदलाव होता है : सचिन पायलट

नवनियुक्त अध्यक्ष परगट सिंह ने पायलट से मुलाकात की

भाषा ▶▶| नई दिल्ली



कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने शनिवार को कहा कि पार्टी की पंजाब इकाई के पूर्व अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग उनके छोटे भाई हैं, लेकिन समय के साथ बदलाव होता है और उम्मीद है कि वह पहले से ज्यादा मेहनत करके पार्टी को राज्य की सत्ता में लाने में मदद करेंगे। नवनियुक्त अध्यक्ष परगट सिंह ने शनिवार को पायलट से मुलाकात की। पार्टी के पंजाब प्रभारी ने यह भी कहा कि वड़िंग ने पार्टी के लिए पिछले 20 वर्षों में पूरी लगन और मेहनत से काम किया है तथा पिछले चार वर्षों में कांग्रेस को मजबूत करने का प्रयास किया है। दरअसल, वड़िंग ने शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष पद से अपना त्यागपत्र राहुल गांधी को सौंपने के बाद कहा था कि पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी की जीत हुई है और यह पता चला है कि पायलट उन्हें हटाना चाहते थे।

फरीदकोट में हाथ-पैर बांधकर बच्चे की हत्या

रजवाहे से मिली लाश, सनसनी

एजेंसी ▶▶| फरीदकोट

पंजाब के फरीदकोट में एक रजवाहे (नहर) से बच्चे की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। बच्चे का शव पानी में बह रहा था। उसके शरीर पर चोटों के गहरे निशान थे, उसके हाथ और पैर एक



बारीक तार से बांधे गए थे, जिससे हाथ-पैर लगभग कट गए थे। बच्चे ने खाकी रंग की टी-शर्ट पहनी हुई थे, जिस पर अंग्रेजी में लिखा था- ऑलवेज हैव एटिट्यूड बच्चे ने काले रंग का हाफ पैंट और पैरों में सैंडल पहन रखे थे। बच्चे की उम्र करीब 6 साल बताई गई है। पुलिस का कहना है कि बच्चे की हत्या की गई है। इसके बाद उसे बारीक तार से बांधकर नहर में फेंका गया है। इस मामले की जांच की जा रही है। अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई है। बच्चे की शिनाख्त के लिए आसपास के थानों में सूचना दे दी गई है।

लुधियाना में कार सवार बदमाशों ने युवक को गोलियों से भूना

लुधियाना। लुधियाना में कार सवार युवक पर अंधाधुंध फायरिंग कर हत्या कर दी गई। युवक की छाती पर 2 गोलियां लगी, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वह सफेद आई-20 कार से मुल्लांपुर से शॉपिंग के बाद अपने गांव माजरी जा रहा था। रास्ते में वरना कार सवार बदमाशों ने उसकी कार को पहले टक्कर मारी और रोककर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। हमले के बाद आई-20 कार बेकाबू होकर खंभे से टकरा गई। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। जांच में सामने आया कि बदमाश युवक के साथ बैठे उसके दोस्त को मारने आए थे। हालांकि, वो जान बचाकर भाग निकला। उधर, मामला सामने आने के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मारे गया युवक खुद चोरी के मामले में 6 महीने पहले ही जेल से छूटकर बाहर आया था।



■ छह महीने पहले दूसरी शादी की थी

संसद के दोनों सदनों की स्थायी समितियों का फिर गठन

थरूर फिर विदेश मामलों की संसदीय समिति के अध्यक्ष

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

संसद के दोनों सदनों, लोकसभा और राज्यसभा ने शनिवार को इस साल के लिए अपने विभाग-संबंधी संसदीय स्थायी समितियों का फिर से गठन किया है। इसमें तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद शशि थरूर को फिर से बड़ा पद दिया गया है। संसद की तरफ से स्थायी समितियों के पुनर्गठन प्रक्रिया के दौरान कांग्रेस सांसद शशि थरूर को विदेश मामलों की संसदीय समिति का अध्यक्ष फिर से नियुक्त किया गया है।

इसके साथ ही, पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा के लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर कोयला, खान और इस्पात से जुड़ी समिति के अध्यक्ष पद पर बरकरार रहेंगे, जबकि जेडीयू से राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा को भी एक बार फिर से परिवहन संबंधी संसदीय समिति के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है।

टीएमसी के कीर्ति आजाद को झटका



वहीं, इस प्रक्रिया के दौरान ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से लोकसभा सांसद कीर्ति आजाद को बड़ा झटका लगा है। कीर्ति आजाद इससे पूर्व रसायन और उर्वरक संबंधी संसदीय समिति के अध्यक्ष थे, लेकिन इस साल उनके स्थान पर टीएमसी की बागी सांसद काकोली घोष दस्तीदार को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, वाणिज्य संबंधी संसदीय समिति के अध्यक्ष के रूप में टीएमसी की राज्यसभा सांसद डोला सेन की जगह इस साल भाजपा के राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी को नियुक्त किया गया है।

इनको फिर से जिम्मेदारी

दोनों सदनों की तरफ से कई सांसदों को फिर से पूर्व में मिली जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसमें भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को संचार और सूचना प्रौद्योगिकी पर संसदीय समिति का प्रमुख फिर से नियुक्त किया गया, कांग्रेस सांसद चरणजीत चन्नी कृषि संबंधी समिति के प्रमुख बने रहेंगे। सपा सांसद राम गोपाल यादव स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संबंधी समिति के अध्यक्ष पद पर बरकरार रहेंगे और कांग्रेस के मुकुल वासनिक को एक बार फिर से शिक्षा, महिला, बाल और युवा मामलों संबंधी संसदीय समिति के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, डीएमके सांसद तिरुचि शिवा उद्योग संबंधी संसदीय समिति के अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं और भाजपा के सुजीत कुमार कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय संबंधी संसदीय समिति के अध्यक्ष चुने गए हैं।

देश में विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर सियासी पारा लगातार चढ़ा हुआ है। विशेषकर विपक्षी दल जिस तरह से इस पूरी प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे हैं, उससे माहौल में एक भ्रम फैल रहा है। ज्यादातर राज्यों में आखिरी गहन पुनरीक्षण 2002 से 2004 के आसपास हुआ था। चुनाव आयोग का कहना है कि बीस साल में शहर बढ़े और पलायन बढ़ा, इसलिए 24 जून 2025 को देशभर में एसआईआर का आदेश दिया। मूल उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक विश्वसनीय बनाना है, लेकिन मतदाता सूची की शुद्धता और मतदाता के अधिकार-दोनों को एक साथ सुरक्षित रखना आवश्यक है। विपक्ष का आरोप है कि आयोग सत्ताधारी पार्टी के दबाव में काम कर रहा है। 'वोट चोरी' जैसी घटनाएं देशभर में हुई हैं। खासतौर पर राहुल गांधी, लंबे समय से चुनाव आयोग पर पक्षपात के आरोप लगाते रहे हैं। इसी वजह से मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग भी उठ रही है। असली सवाल यह है कि क्या चुनाव आयोग की निर्णय-क्रिया इतनी पारदर्शी है कि नागरिक उस पर बिना किसी संदेह के भरोसा कर सके? जनता का भरोसा उस पर तभी मजबूत होगा, जब उसे पता हो कि संस्थान के भीतर निर्णय लेने की प्रक्रिया क्या है? इसके लिए पारदर्शिता बेहद जरूरी है। *इन्हीं मुद्दों की पड़ताल करता आजकल का यह खास अंक...*

एसआईआर पर हंगामा : हकीकत से ज्यादा फसाना



विश्लेषण

उमेश चतुर्वेदी

वरिष्ठ पत्रकार

विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर सियासी पारा लगातार चढ़ा हुआ है। विशेषकर विपक्षी दल जिस तरह से इस पूरी प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे हैं, उससे माहौल में एक भ्रम फैल रहा है। विपक्षी हंगामे और सवालों के चलते ऐसे लोगों की संख्या बढ़ी है, जो मानने लगे हैं कि मतदाता सूची की जांच एक तरह से नागरिकता की जांच हो गई है। लोग एक बारगी वोटर न होने को बर्दाश्त कर भी लें, लेकिन कोई नहीं चाहेगा कि उसकी जन्मजात नागरिकता पर सवाल उठे या वह खतरे में पड़े। कहना न होगा कि विशेषकर पश्चिम बंगाल में हुए एसआईआर के बहाने विपक्ष यह भ्रम और डर-दोनों फैलाने में किंचित सफल रहा है। हालांकि यह भी सच है कि ऐसा डर सिर्फ पश्चिम बंगाल और बिहार के ही कुछ इलाकों में ही दिख रहा है। एसआईआर उत्तर प्रदेश में भी हुआ है और दिल्ली में भी जारी है। एसआईआर तमिलनाडु में भी हुआ है, लेकिन यहां के मतदाताओं के बीच ऐसा भ्रम और डर न के बराबर दिखा है। सवाल यह उठता है कि आखिर बिहार और पश्चिम बंगाल में ऐसा डर क्यों दिख रहा है? इसकी वजह है, वहां पिछले कुछ दशकों में बांग्लादेश से बढ़ी घुसपैठ। पश्चिम बंगाल में जब सत्ता में वाममोर्चा था, तब यही ममता बनर्जी वहां घुसपैठ के मुद्दे को उछालती रहती थीं और वाममोर्चे पर आरोप लगाती रहती थीं कि वह इसे बढ़ावा दे रहा है। ममता बनर्जी इस बहाने परोक्ष रूप से वाममोर्चा पर आरोप लगाती थीं कि मतदाता बने घुसपैठियों के ही सहारे वह पश्चिम बंगाल की सत्ता में काबिज है। बाद के दिनों में ये मतदाता ममता के समर्थक हो गए और ममता की सत्ता के आधार बनने लगे तो उन्हें भी यह मामला फिजूल का लगने लगा। बिहार का सीमांचल इलाका भी बांग्लादेशी घुसपैठ से प्रभावित रहा है। इसलिए वहां भी ऐसे सवाल और भ्रम उठ रहे हैं। चूंकि एसआईआर में ऐसे अवैध मतदाता ज्यादा सवालों के घेरे में हैं या फिर उनके नाम कट रहे हैं, इस वजह से इन्हीं राज्यों में यह मुद्दा कुछ ज्यादा तुर्श दिख रहा है। मतदाता सूची में सुधार और उसमें चुनाव आयोग एवं मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की भूमिका पर भी बड़े सवाल उठे हैं।

विशेषकर पश्चिम बंगाल में हुए एसआईआर के बहाने विपक्ष यह भ्रम और डर-दोनों फैलाने में किंचित सफल रहा है। हालांकि यह भी सच है कि ऐसा डर सिर्फ पश्चिम बंगाल और बिहार के ही कुछ इलाकों में ही दिख रहा है। एसआईआर उत्तर प्रदेश में भी हुआ है और दिल्ली में भी जारी है। एसआईआर तमिलनाडु में भी हुआ है, लेकिन यहां के मतदाताओं के बीच ऐसा भ्रम और डर न के बराबर दिखा है। सवाल यह उठता है कि आखिर बिहार और पश्चिम बंगाल में ऐसा डर क्यों दिख रहा है? इसकी वजह है, वहां पिछले कुछ दशकों में बांग्लादेश से बढ़ी घुसपैठ। पश्चिम बंगाल में जब सत्ता में वाममोर्चा था, तब यही ममता बनर्जी वहां घुसपैठ के मुद्दे को उछालती रहती थीं और वाममोर्चे पर आरोप लगाती रहती थीं कि वह इसे बढ़ावा दे रहा है।



संस्थाओं पर बहस हो, लेकिन तथ्यों के आधार पर

एसआईआर, निर्वाचन आयोग और न्यायपालिका पर सवाल उठाना लोकतांत्रिक तो है, लेकिन आरोप और प्रमाण, ड्राफ्ट सूची और अंतिम सूची, याचिका और न्यायिक आदेश तथा राजनीतिक मांग और कानूनी कार्रवाई, के बीच समझदारी से अंतर बनाए रखना भी महत्वपूर्ण है। अव्वल तो मतदाता सूची की शुद्धता और चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर बहस तथ्यों, कानून और निर्धारित प्रक्रिया के आधार पर होनी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। चुनाव आयोग बार-बार यह भरोसा दिलाने की कोशिश कर रहा है कि एसआईआर मतदाताओं को बेहतर सुविधा देने की व्यवस्था है। इस प्रक्रिया का उद्देश्य है, कोई भी वैध और योग्य मतदाता छूटे नहीं। मोटे तौर पर एसआईआर का एक ही मकसद है, हर योग्य और वैध मतदाता को सूची में जोड़ना, दिए गए पते पर न रहे मतदाताओं और मृतकों का नाम सूची से हटाना। इसके साथ ही विदेशी और घुसपैठियों को मतदाता सूची से बाहर करना है। एक आरोप यह लग रहा है कि मतदाता सूची तैयार करने में ईसीआईनेट सॉफ्टवेयर की भूमिका बीएलओ और ईआरओ की तुलना में बढ़ गई है, जिसकी वजह से मतदाता सूची को फाइनल करने के ईआरओ के अधिकार दरकिनार हो गए हैं। लेकिन ऐसा नहीं है। ईसीआईनेट सिर्फ तकनीकी मंच है, जिसकी बुनियाद अधिकारियों द्वारा घर-घर से जुटाए आंकड़े हैं। नहीं भूलना चाहिए कि मतदाता सूची में किसी नाम को जोड़ने या उसे हटाने का निर्णय सिर्फ ईआरओ ही ले सकता है और वह भी जनप्रतिनिधित्व कानून 1950 के तहत, नोटिस और सुनवाई के बाद ही ऐसा कर सकता है। कहना न होगा कि ऐसा ही हो रहा है। लेकिन राजनीति इसे देखने की बजाय अपने हिसाब से घटनाओं और कार्यों की व्याख्या कर रही है।

ज्यादा आपत्ति बिहार-प. बंगाल से

सवाल यह भी है कि क्या एसआईआर को लेकर उठाए जा रहे सवाल असल में प्रक्रियात्मक और कानूनी हैं या इनके जरिए सिर्फ राजनीति हो रही है? पहले ही कहा जा चुका है कि एसआईआर को लेकर विपक्षी दलों की सबसे ज्यादा आपत्तियां बिहार और पश्चिम बंगाल से जुड़ी बताई जा रही हैं। कुछ राजनेताओं और दलों ने एसआईआर के आधार पर इन राज्यों के चुनावी परिणामों और मतदाता सूची की प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। यहां ध्यान रखने की बात है कि एसआईआर केरल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में भी हुआ, लेकिन वहां बिहार या पश्चिम बंगाल की तरह इस पर सियासी विवाद नहीं हुआ। ऐसे में सवाल उठना लाजमी है कि यदि कुछ राज्यों में एसआईआर को लेकर गंभीर आपत्ति नहीं है तो फिर एक या दो राज्यों में गंभीर आपत्तियां क्या राजनीतिक एजेंडे की वजह से तो नहीं उठाई जा रहीं? एसआईआर को देखने और समझने की एक ही कसौटी हर राज्य में क्यों नहीं लागू की जा रही है? इससे तो यही संकेत जाता है कि इसका सियासी विरोध सेलेक्टिव है और दोहरे मापदंड से भरा हुआ है। एसआईआर को लेकर जारी बहस में बड़े पैमाने पर नाम हटाने, तकनीकी प्रणाली के इस्तेमाल और पारदर्शिता जैसे सवाल उठाए गए हैं।

यह है मानक प्रक्रिया

मतदाता सूची से नाम हटाने की प्रक्रिया निर्धारित कानूनी और प्रशासनिक चरणों के तहत होती है। नाम हटाने से पहले मतदाता को नोटिस जारी करने और उसकी आपत्तियों और तर्कों की सुनवाई की जाती है। इसके बाद आखिरी निर्णय संबंधित निर्वाचन अधिकारी के स्तर पर होता है। इसलिए ड्राफ्ट मतदाता सूची में किसी मतदाता का नाम नहीं होना और अंतिम मतदाता सूची से नाम हट जाना, एक ही बात नहीं है। इसलिए जरूरी है कि दावे, ड्राफ्ट आंकड़े, आपत्तियों और अंतिम निर्णय, इन सभी चरणों को अलग-अलग समझा जाए। हर स्तर पर चूंकि आयोग ने पारदर्शी व्यवस्था अपना रखी है, इसे समझना हो तो अभी दिल्ली के किसी बीएलओ केंद्र का दौरा किया जा सकता है।

दिल्ली में खूब नोटिस जारी किए गए हैं, उनके जवाब में लोग बीएलओ यानी बूथ स्तर के अधिकारी के पास पहुंच रहे हैं। लेकिन अफरा-तफरी, घबराहट या दहशत नहीं दिख रही। बीएलओ लोगों से जरूरी फॉर्म और प्रमाण ले रहे हैं। ज्यादातर नोटिस की वजह पूरा नाम दर्ज न होना, नाम की वर्तनी गलत होना, पिता या पति के नाम का पूरा न होना या फिर उनके नाम की वर्तनी में गड़बड़ी या कमी होना पाया गया है।

ईसीआईनेट का सॉफ्टवेयर

अधिकारियों का कहना है कि ईसीआईनेट का सॉफ्टवेयर मतदाता सूची के पहले से जारी नाम और आवेदन में कुछ भी गड़बड़ी पाता है तो वह नोटिस जेनरेट कर देता है। उदाहरण के लिए, पहले से किसी का नाम मतदाता सूची में सिर्फ रमेश दर्ज है, जबकि उसका पूरा नाम रमेश शर्मा है, या इसी तरह उसके पिता का पूरा नाम दर्ज नहीं है। लेकिन पहचान के दूसरे दस्तावेजों में उसका पूरा नाम दर्ज है। जब अधिकारी ईसीआईनेट पर इसे लोड करते हैं तो सॉफ्टवेयर इस गड़बड़ी या बेमेल तथ्य को पकड़ता है। इसी तरह किसी का पता बदल गया है, जो पहले से दर्ज रिकॉर्ड से अलग है तो उसे भी नोटिस जा रहा है। बस इन्हें प्रमाणित करना भर है। लेकिन राजनीतिक दल इसे या तो समझ नहीं रहे या फिर जानबूझकर नासमझी दिखा रहे हैं। इन प्रमाणों को घुसपैठिए या अवैध मतदाता साबित नहीं कर पा रहे हैं। इसलिए उनके नाम कट रहे हैं या काटे जाने की संभावना बन रही है। मौजूदा बहस में नागरिकों के लिए कुछ प्रश्न बेहद महत्वपूर्ण हो जाते हैं,क्या पुनरीक्षण निर्धारित संवैधानिक और कानूनी प्रक्रिया के तहत हुआ? क्या किसी पात्र मतदाता का नाम गलत तरीके से हटाया गया? यदि ऐसा हुआ, तो क्या दावा और आपत्ति की प्रक्रिया के जरिए उसे सुधारा गया?

अपील की प्रक्रिया आसान बनाना महत्वपूर्ण विकल्प



व्यवस्था

प्रदीप सिंह

स्वतंत्र पत्रकार

देश की राजनीति में इस समय मतदाता सूची के शुद्धि के लिए चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर बहस के केंद्र में है। सत्तापक्ष और चुनाव आयोग इस प्रक्रिया को मतदाता सूची को पारदर्शी बनाने और लोकतंत्र को मजबूत करने वाला कदम बता रहा है, जबकि विपक्ष एसआईआर की पूरी कवायद को लोकतंत्र और कानून के शासन के खिलाफ बता रहा है। कुछ विपक्षी दल, नागरिक संगठन, अकादमिक संस्थाएं और बुद्धिजीवी चुनाव आयोग के इस विशेष अभियान को गैर-कानूनी बता रहे हैं। एसआईआर को आम मतदाताओं के खिलाफ एक साजिश बताने वाले इसे देश के लोकतंत्र और लोकतांत्रिक संस्थाओं के लिए एक गंभीर प्रशासनिक, कानूनी और राजनीतिक चुनौती बता रहे हैं। हालांकि उच्चतम न्यायालय ने एसआईआर के खिलाफ दायर याचिकाओं की सुनवाई करते हुए इसकी कानूनी वैधता को बरकरार रखा है, लेकिन जमीनी स्तर पर बड़े पैमाने पर नाम हटने और प्रक्रियात्मक पारदर्शिता की कमी के आरोपों के कारण यह मामला लगातार तूल पकड़ रहा है। दरअसल बिहार और पश्चिम बंगाल में इस प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में मतदाताओं के नामों की जांच, हटाने और पुनः शामिल करने को लेकर विवाद सामने आया। यह आरोप लगा कि एसआईआर के जरिए वास्तविक मतदाताओं के नाम हटाए जा रहे हैं। लेकिन चुनाव आयोग ऐसे आरोपों को खारिज करता रहा है। फिलहाल इस पूरी प्रक्रिया में हमें यह देखना होगा कि देश में एसआईआर की जरूरत क्या है, और इसका विरोध क्यों हो रहा है? क्या जरूरत और विरोध के बिंदुओं का मिलान करते हुए कोई बीच का रास्ता नहीं निकाला जा सकता है? जिससे मतदाता का अधिकार सुरक्षित रहे और मतदाता सूची भी पाक-साफ हो सके। इस विवाद को केवल सरकार बनाम विपक्ष के राजनीतिक संघर्ष के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। इसका सीधा संबंध चुनाव आयोग की विश्वसनीयता, मतदाता के अधिकार और चुनावी प्रक्रिया में जनता के विश्वास से है। यह सही है कि लंबे समय तक मतदाता सूची का पुनरीक्षण न करने पर सूची में मृत लोगों के नाम, स्थान बदल चुके मतदाताओं के पुराने पते, दोहरे नाम और अन्य गलतियां समय के साथ जमा रहते हैं। चुनाव आयोग ने बिहार में एसआईआर शुरू करते समय भी दो दशक से अधिक समय में हुए शहरीकरण, बड़े पैमाने पर पलायन, मृत्यु के बाद नाम नहीं हटने और डुप्लीकेट प्रविष्टियों को मतदाता सूची की शुद्धता के लिए चुनौती बताया था। लेकिन समस्या तब पैदा हुई जब कुछ वास्तविक मतदाताओं का नाम भी दस्तावेजी प्रक्रिया या किसी तकनीकी जांच के कारण सूची से बाहर हो गए। बिहार में एसआईआर के प्रारंभिक मसौदे से लगभग 65 लाख नाम बाहर रह गए थे। बाद में दावों और आपत्तियों की प्रक्रिया के जरिए कई मामलों की समीक्षा हुई। हमारे देश में एक सच्चाई यह भी है कि रोजगार की तलाश में बड़ी संख्या में लोग दूसरे राज्यों और देशों में पलायन करते हैं। पूर्वी और उत्तर भारत के लोग दक्षिण भारत, महाराष्ट्र, दिल्ली, मुंबई और पंजाब जाते हैं। जबकि पंजाब के लोग कनाडा, यूरोप और केरल, तमिलनाडु के लोग खाड़ी देशों में रोजी-रोटी की तलाश में जाते हैं, और जीवन का बड़ा समय वहां गुजार देते हैं। ये परदेशी और प्रवासीसमय-समय पर अपने गांव आते तो है लेकिन जानकारी के अभाव और समय के दबाव में वे अपने पैतृक स्थान पर अपना नाम दर्ज कराने नहीं आ पाते हैं। क्या यह केंद्र सरकार के लिए चुनौती है?एसआईआर चुनाव आयोग द्वारा संचालित प्रक्रिया है, जो संविधान के तहत स्वतंत्र संवैधानिक संस्था है। इसलिए हर प्रशासनिक निर्णय को सीधे केंद्र सरकार का निर्णय मानना उचित नहीं होगा। फिर भी, राजनीतिक स्तर पर केंद्र सरकार के लिए चुनौती जरूर पैदा हो सकती है। यह विवाद यदि लंबे समय तक जारी रहता है तो विपक्ष इसे सरकार के खिलाफ राजनीतिक मुद्दे के रूप में इस्तेमाल कर सकता है। एसआईआर पर सबसे बड़ी चुनौती जनता के विश्वास की है। चुनाव केवल मतदान का आयोजन नहीं है, लोकतांत्रिक व्यवस्था में यह विश्वास भी जरूरी है कि मतदाता सूची में शामिल हर योग्य नागरिक को मतदान करने का अवसर मिलेगा। यदि बड़ी संख्या में नागरिकों को अपने नाम के लिए बार-बार दस्तावेज जमा करने पड़ें या उन्हें यह स्पष्ट न हो कि उनका नाम क्यों हटाया गया, तो चुनावी प्रक्रिया के प्रति अविश्वास बढ़ सकता है। इस मुद्दे पर सरकार और चुनाव आयोग के सामने विकल्प की बात करें तो पहला विकल्प पूर्ण पारदर्शिता है। किस आधार पर किसी मतदाता का नाम संदिग्ध माना गया, कितने नाम हटाए गए, कितने नाम वापस जोड़े गए और कितनी अपीलें लंबित हैं-इन आंकड़ों को राज्य और निर्वाचन क्षेत्र के स्तर पर व्यवस्थित रूप से सार्वजनिक किया जा सकता है। अपील की प्रक्रिया को आसान बनाना भी एक महत्वपूर्ण विकल्प है। किसी नागरिक से नाम हटाए जाने के बाद ऐसी प्रक्रिया की उम्मीद की जानी चाहिए जिसमें वह आसानी से अपनी आपत्ति दर्ज करा सके और समयबद्ध तरीके से निर्णय प्राप्त कर सके। एसआईआर का मूल उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक विश्वसनीय बनाना है, लेकिन मतदाता सूची की शुद्धता और मतदाता के अधिकार-दोनों को एक साथ सुरक्षित रखना आवश्यक है।

चुनाव आयोग ने बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर शुरू करते समय भी दो दशक से अधिक समय में हुए शहरीकरण, बड़े पैमाने पर पलायन, मृत्यु के बाद नाम नहीं हटने और डुप्लीकेट प्रविष्टियों को मतदाता सूची की शुद्धता के लिए चुनौती बताया था।

अलग राय दर्ज होना संस्था का टूटना नहीं



मंथन

विवेक शुक्ला

वरिष्ठ पत्रकार

देश में एसआईआर को लेकर जो बहस चल रही है, उसे सिर्फ "गड़बड़ी हो गई" कहकर नहीं समझा जा सकता। एसआईआर यानी विशेष गहन पुनरीक्षण मतदाता सूची की गहरी जांच है। चुनाव आयोग कहता है कि मृत, दोहरे और जगह छोड़ चुके लोगों के नाम हटने चाहिए। विरोधी दल और कई नागरिक समूह कहते हैं कि सही मतदाताओं के नाम भी कट रहे हैं। बीच में यह खबर भी आई कि आयोग के अंदर कुछ फैसलों पर अलग राय दर्ज हुई। कई लोगों ने इसे संस्था के टूटने जैसा पढ़ लिया।

संवैधानिक संस्थाओं में राय का फर्क अपने आप में गड़बड़ी नहीं होता। गड़बड़ी तब होती है, जब फर्क छिपाया जाए, नियम तोड़े जाएं, या आदमी को जवाब देने का मौका न मिले। एसआईआर कोई नया अलग कानून नहीं है। संविधान का अनुच्छेद 324 मतदाता सूची की तैयारी चुनाव आयोग को सौंपता है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 21 (3) आयोग को कारण लिखकर विशेष पुनरीक्षण का अधिकार देती है। ज्यादातर राज्यों में आखिरी गहन पुनरीक्षण 2002 से 2004 के आसपास हुआ था। आयोग का कहना है कि बीस साल में शहर बढ़े और पलायन बढ़ा, इसलिए 24 जून 2025 को देशभर में एसआईआर का आदेश दिया। शुरुआत बिहार से हुई। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स बनाम इलेक्शन कमीशन मामले में अदालत ने कहा कि एसआईआर पुराने कानून से टकराता नहीं है और स्वतंत्र तथा निष्पक्ष चुनाव के लक्ष्य को कमजोर नहीं करता। यानी सूची साफ करने की शक्ति गलत नहीं है। पर शक्ति और जमीन पर अमल एक बात नहीं है। बिहार में प्रारूप सूची से करीब 65 लाख नाम बाहर रहे। अंतिम सूची में मतदाता करीब 7.89 करोड़ से घटकर लगभग 7.42 करोड़ रह गए। बाद के चरणों में नाम कटने और नोटिस जाने की शिकायतें बढ़ीं। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया कि दो निर्वाचन आयुक्तों ने कुछ फैसलों पर लिखित आपत्ति दर्ज की। आयोग ने 26 सितंबर 2026 को कहा कि एसआईआर के आदेश तीनों की सर्वसम्मति से पास हुए थे और विचार के दौरान अलग टिप्पणी सामान्य है। ऐसा फर्क दूसरी संवैधानिक संस्थाओं में भी रहा है। सबसे बड़ा उदाहरण केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य का मामला है, जिसका फैसला 24 अप्रैल 1973 को आया। केरल के एडनीर मठ के प्रमुख स्वामी केशवानंद भारती ने केरल के जमीन सुधार कानून को चुनौती दी थी। असली सवाल जमीन से बड़ा था। क्या संसद अनुच्छेद 368 के तहत संविधान का कोई भी हिस्सा, यहां तक कि मौलिक अधिकार भी, बदल सकती है? यह सुनवाई भारत के इतिहास की सबसे बड़ी पीठ ने की। तेरह जजों की राय 7 के मुकाबले 6 से बंट गई।



केशवानंद की तरह यहां भी राय अलग होना संस्था का कमजोर होना नहीं है। संस्था तब कमजोर होती है, जब सवाल न उठे। वह तब मजबूत होती है जब सवाल दर्ज हो, जवाब सार्वजनिक हो, और योग्य मतदाता का नाम बिना वजह न कटे। राय का फर्क दुश्मन नहीं है, छिपा हुआ फैसला है।

बहुमत ने कहा कि संसद संविधान संशोधित कर सकती है, पर उसका मूल ढांचा नहीं मिटा सकती। लोकतंत्र, न्यायिक समीक्षा, संघवाद और अधिकारों का मूल इस ढांचे में आता है। अल्पमत मानता था कि संशोधन की शक्ति इतनी बांधी हुई नहीं है। फैसला एक वोट से टिका। उस समय भी तीखी बहस हुई। आज वही बंटवारा संविधान की सबसे बड़ी सुरक्षा माना जाता है। केशवानंद में फर्क गड़बड़ी नहीं था। वह संविधान को बचाने वाली बहस थी। एक और उदाहरण लें। आपातकाल में मिसा कानून के तहत बंद लोगों ने बंदी प्रत्यक्षीकरण की याचिकाएं डाली थीं। सवाल था कि क्या अनुच्छेद 21 का जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार उस समय भी अदालत में मांगा जा सकता है। चार जजों के बहुमत ने कहा कि आपातकाल में यह दरवाजा बंद है।

जस्टिस एच. आर. खन्ना अकेले असहमत रहे। उनका कहना था कि जीवन और आजादी संविधान की देन नहीं, इनसे राज्य भी वंचित नहीं कर सकता। बाद में देश ने उनकी असहमति को सही माना और 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने उस बहुमत वाले फैसले को गलत ठहराया। रिपोर्टों के मुताबिक करीब 38 लाख अपीलों में से अधिकांश रुकी रहीं, और जो निपटीं उनमें ज्यादातर नाम वापस जुड़े। केशवानंद की तरह यहां भी राय अलग होना संस्था का कमजोर होना नहीं है। संस्था तब कमजोर होती है, जब सवाल न उठे। वह तब मजबूत होती है जब सवाल दर्ज हो, जवाब सार्वजनिक हो, और योग्य मतदाता का नाम बिना वजह न कटे। राय का फर्क दुश्मन नहीं है, छिपा हुआ फैसला है।

पारदर्शिता से ही बढ़ेगी विश्वसनीयता



चुनाव आयोग

रवि शंकर

स्वतंत्र पत्रकार

हाल के बरसों में कामकाज के तरीकों को लेकर चुनाव आयोग लगातार विवादों में रहा है। विपक्ष का उस पर अविश्वास इतना गहरा शायद कभी नहीं रहा, जहां उसके तमाम फैसलों पर संदेह जताया गया। ऐसे में आयोग के भीतर निर्णय लेने की प्रक्रिया से जुड़ा जो खुलासा हुआ है, वह गंभीर सवाल खड़े करता है। चुनाव आयोग (ईसीआई) की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे हैं। कहा गया है कि दो चुनाव आयुक्तों और मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) के बीच कुछ महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर मतभेद रहे हैं। इनमें मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का मुद्दा भी शामिल है। विपक्ष इन दिनों लगातार चुनाव आयोग पर सवाल उठा रहा है। विपक्ष का आरोप है कि आयोग सत्ताधारी पार्टी के दबाव में काम कर रहा है। 'वोट चोरी' जैसी घटनाएं देशभर में हुई हैं। खासतौर पर राहुल गांधी, लंबे समय से चुनाव आयोग पर पक्षपात के आरोप लगाते रहे हैं।

इसी वजह से मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग भी उठ रही है। हालांकि, चुनाव आयुक्तों को हटाना आसान नहीं है। उन्हें संसद में महाभियोग की प्रक्रिया के जरिये ही हटाया जा सकता है। लेकिन चुनाव आयोग की अपनी विश्वसनीयता के लिए जरूरी है कि वह इन सवालों पर अंदरूनी तौर पर गंभीर चर्चा करे और जनता को पारदर्शी तरीके से बताए कि वह किस तरह काम कर रहा है और भविष्य में ऐसी समस्याओं को दूर करने के लिए क्या कदम उठाएगा। आयोग ने फिलहाल इतना ही कहा है कि उसके निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए, लेकिन इससे पूरी स्थिति स्पष्ट नहीं होती। खैर, चुनाव आयोग पर पक्षपात का निष्कर्ष निकालने में जल्दबाजी भी नहीं करनी चाहिए। यह समझना जरूरी है कि भारत जैसे विशाल देश में चुनाव व्यवस्था चलाना बेहद कठिन काम है। देश में करीब एक अरब मतदाता हैं और आयोग के पास सीमित संसाधन हैं। इसलिए हमें सिर्फ आरोप लगाने के बजाय यह सोचना चाहिए कि ऐसी समस्याओं को दूर कैसे किया जा सकता है ताकि बड़ी संख्या में योग्य मतदाताओं के नाम गलती से मतदाता सूची से न हटें। मुख्य बात यह है कि हर समस्या के पीछे साजिश या पक्षपात मान लेना जरूरी नहीं है। एसआईआर बेहद ही संवेदनशील मसला है। बिहार में इसकी शुरुआत से लेकर दिल्ली तक, कई बार इसे लेकर असंतोष जताया जा चुका है। अब तक 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की मसौदा मतदाता सूचियों से 13 करोड़ से अधिक नाम हटाए जा चुके हैं। पश्चिम बंगाल में तो विवाद अभी तक शांत नहीं हुआ है। हालांकि जिन लोगों के नाम हटाए गए हैं, उन्हें इसके खिलाफ अपील करके अपना जवाब देने का विकल्प दिया गया है। इस घटना से विपक्ष के आरोपों को बल मिलेगा और एसआईआर को लेकर शंका बढ़ेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि एसआईआर की प्रक्रिया पारदर्शी, समयबद्ध और ऐसी हो कि एक भी पात्र मतदाता अपने मतदान के अधिकार से वंचित न हो। 2025 के एसआईआर को लेकर उठे सवाल, आयोग का पक्ष, विशेषज्ञों की आपत्तियां और सुप्रीम कोर्ट का अंतिम फैसला, सभी को देखें तो यह केवल एक चुनावी प्रक्रिया नहीं, बल्कि मतदाता सूची की विश्वसनीयता और चुनावी व्यवस्था में नागरिक के अधिकार से जुड़ा बड़ा सवाल है। इस पूरे विवाद से जो अहम बातें सामने आती हैं, वो है- सर्वोच्च न्यायालय को चुनाव आयोग की आंतरिक कार्यप्रणाली के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश तय करने चाहिए और यह साफ होना चाहिए कि आयोग महत्वपूर्ण फैसलों पर सहमति कैसे बनाता है। साफ है, देश में स्वस्थ लोकतंत्र का सबसे जरूरी आधार चुनाव आयोग है। जनता का भरोसा उस पर तभी मजबूत होगा, जब उसे पता हो कि संस्थान के भीतर निर्णय लेने की प्रक्रिया क्या है। चुनाव आयोग से यह अपेक्षा किसी अन्य सरकारी विभाग की तुलना में अधिक है, क्योंकि वह स्वयं लोकतांत्रिक प्रक्रिया का प्रहरी है। उसकी विश्वसनीयता किसी सरकार, किसी राजनीतिक दल या किसी व्यक्ति से बड़ी है। इसलिए इस समय सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह नहीं है कि चुनाव आयोग के भीतर कौन किससे असहमत है। असली सवाल यह है कि क्या चुनाव आयोग की निर्णय-क्रिया इतनी पारदर्शी है कि नागरिक उस पर बिना किसी संदेह के भरोसा कर सके?



हर समस्या के पीछे साजिश या पक्षपात मान लेना जरूरी नहीं है। एसआईआर बेहद ही संवेदनशील मसला है। बिहार में इसकी शुरुआत से लेकर दिल्ली तक, कई बार इसे लेकर असंतोष जताया जा चुका है। अब तक 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की मसौदा मतदाता सूचियों से 13 करोड़ से अधिक नाम हटाए जा चुके हैं।

एशियाई खेल : फाइनल में पाकिस्तान को 19 रनों से हराया

भारत ने लगातार दूसरी बार जीता गोल्ड

एजेंसी ▶▶| निशिन

अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा के तूफानी अर्धशतकों की मदद से भारत ने हसन नवाज की आक्रामक पारी के बावजूद रोमांचक फाइनल में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 19 रन से हराकर शनिवार को एशियाई खेलों के पुरुष क्रिकेट में अपने स्वर्ण पदक का सफलतापूर्वक बचाव किया।

अभिषेक ने 28 गेंद पर 61 रन बनाए, जिसमें तीन चौके और सात छक्के शामिल हैं। तिलक वर्मा ने आखिरी ओवरों में 22 गेंद पर नाबाद 51 रन की पारी खेली, जिसमें तीन चौके और चार छक्के शामिल हैं। उन्हें शिवम दुबे का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने 15 गेंद पर 27 रन बनाए। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरी भारतीय टीम ने छह विकेट पर 211 रन का बड़ा स्कोर बनाया। पाकिस्तान की तरफ से अहमद दानियाल और अराफात मिन्हास ने दो-दो विकेट लिए।

हसन नवाज ने खेली 51 गेंदों पर 96 रन की पारी

पाकिस्तान खराब शुरुआत के बावजूद हसन नवाज की 51 गेंदों पर 96 रन की पारी से मुकाबले में बना रहा लेकिन आखिर में वह 6 विकेट पर 192 रन तक ही पहुंच पाया। नवाज जब चार रन पर थे तब वैभव सूर्यवंशी ने उनका कैच छोड़ दिया था। नवाज ने अपनी पारी में पांच चौके और सात छक्के लगाए। भारत की तरफ से अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर और शिवम दुबे ने दो-दो विकेट लिए।



अपने प्रदर्शन का स्तर ऊंचा उठाएं : अय्यर



पाकिस्तान के खिलाफ पहली बार कप्तान कर रहे श्रेयस अय्यर ने एशियाई खेलों के फाइनल में अपने साथियों से सिर्फ इतना कहा था कि मुकाबले को लेकर बने माहौल और दबाव को खुद पर हावी नहीं होने दें और बड़े मंच पर अपने प्रदर्शन का स्तर ऊंचा उठाएं। भारतीय खिलाड़ियों ने भी कप्तान की बात पर अमल करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। जीत के बाद अय्यर ने कहा कि टीम ने पाकिस्तान या श्रीलंका के बजाय सिर्फ एक प्रतिद्वंद्वी के रूप में सामने वाली टीम को देखा और अपना पूरा ध्यान सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर रखा। उन्होंने कहा, 'हमारे दिमाग में सिर्फ एक प्रतिद्वंद्वी था, पाकिस्तान या श्रीलंका नहीं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। अगर हम अपनी क्षमता के मुताबिक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं तो बाकी चीजें अपने आप सही हो जाती हैं। आज इसका सही उदाहरण देखने को मिला और हम उस पर खरे उतरे।'

नहीं किया हैंडशेक

भारत और पाकिस्तान के बीच एशियाई खेलों के क्रिकेट फाइनल को लेकर काफी उत्सुकता थी लेकिन शनिवार को मुकाबला बिना किसी विवाद के संपन्न हुआ। इस दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने एक बार फिर हाथ नहीं मिलाए। फाइनल देखने के लिए तोक्यो, नागोया और जापान के अन्य हिस्सों से बड़ी संख्या में पहुंचे भारतीय समुदाय के लोगों के लिए यह दिन क्रिकेट के नाम रहा। मैच के बाद का घटनाक्रम भी कुछ ऐसा ही रहा। जीत के बाद भारतीय खिलाड़ी जब अपने ड्रेसिंग रूम की ओर बढ़े तो उन्होंने पाकिस्तानी खिलाड़ियों के पास जाने की कोशिश नहीं की। पाकिस्तान की टीम अपने ड्रेसिंग रूम से बाहर आई, अंपायरों से हाथ मिलाया और भारतीय खिलाड़ियों से बिना किसी बातचीत के वापस लौट गई। हाथ मिलाने को छोड़ दे तो मैच खेल भावना के साथ खेला गया। खिलाड़ियों के बीच कोई तीखी बहस या बड़ा विवाद नहीं हुआ और उन्होंने अपना ध्यान मुकाबले पर बनाए रखा तथा क्रिकेट को केंद्र में रहने दिया। पदक समारोह भी बिना किसी व्यवधान के संपन्न हुआ और आयोजकों ने पूरी प्रक्रिया को व्यवस्थित बनाए रखा।

होप के नाबाद 162 रन से वेस्टइंडीज ने तीसरे वनडे में भारत को हराया

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

कप्तान शाइ होप के नाबाद 162 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने शनिवार को तीसरे और आखिरी वनडे में भारत को पांच विकेट से हराया। भारत ने तिरूवनंतपुरम और गुवाहाटी में पहले दो मैच जीतने के बाद शृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली। होप ने 21वां वनडे शतक लगाया और 143 गेंद की उनकी पारी के दम पर वेस्टइंडीज ने जीत के लिये 352 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया जो वनडे क्रिकेट में लक्ष्य का पीछा करते हुए उसकी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले लोकेश राहुल ने नाबाद 129 रन की आक्रामक पारी खेली, रोहित शर्मा (92) तथा ऋतुराज गायकवाड़ (57) की अर्धशतकीय पारियों के बूते भारत ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए सात विकेट पर 351 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया था। वेस्टइंडीज ने पावरप्ले में जॉन कैंपबेल का विकेट गंवाकर 78 रन बनाये । होप को गुरूनूर बरार ने शुरूआत में जीवनदान दिया जो भारत के लिये भारी पड़ा। आमिर जांगू ने उनके साथ अच्छी साझेदारी करके 56 गेंद में पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 67 रन बनाये। शेरफान रदरफोर्ड और होप ने वेस्टइंडीज को 29वें ओवर में 200 रन के पार पहुंचाया। स्पिनर नमन धीर ने रदरफोर्ड को विकेट के पीछे लपकवाकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद कीमो पॉल ने होप के साथ अर्धशतकीय साझेदारी की। पॉल को बरार ने 41वें ओवर में आउट किया। कुलदीप यादव ने मैथ्यू फोर्डे को पवेलियन भेजा। कुलदीप के आखिरी ओवर में होप ने पहली गेंद पर छक्का और फिर चौका जड़ा। इसके बाद उन्होंने 47वें ओवर में बरार को तीन चौके लगाये। होप ने 49वें ओवर की पहली गेंद पर छक्का लगाया और अगली गेंद पर एक रन लेकर वेस्टइंडीज को जीत दिलाई।





रोहित ने किया तेंदुलकर का रिकॉर्ड ध्वस्त

रोहित शर्मा ने अब वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे वनडे मुकाबले में सचिन तेंदुलकर का विश्व रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया। सचिन का ये कीर्तिमान करीब 22 साल पुराना है। रोहित अब बतौर ओपनर वनडे में दस हजार रन बनाने वाले दुनिया के चौथे बल्लेबाज भी बन गए हैं। बतौर ओपनर सबसे तेज दस हजार रन बनाने वाले बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर थे। उन्होंने साल 2004 में ब्रिस्बेन ने ऑस्ट्रेलिया दस हजार रन का आंकड़ा छुआ था। अब रोहित शर्मा ने उनसे 12 पारियां कम खेलकर ही 10,000 रन बना दिए हैं। रोहित ने यहां तक पहुंचने के लिए केवल 202 पारियां खेली हैं। रोहित के अलावा 10 हजार रन बनाने वाले बाकी बल्लेबाजों में सचिन तेंदुलकर के अलावा वेस्टइंडीज के क्रिस गेल और श्रीलंका के सनथ जयसूर्या हैं।

एशियन गेम्स

गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय महिला गोल्फर बनीं प्रणवी उर्स



एजेंसी ▶▶| नागोया

प्रणवी उर्स एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला गोल्फर बन गई, जिन्होंने आखिरी दौर में थकान से उबरते हुए एक स्ट्रोक की बढत बरकरार रखकर यह ऐतिहासिक उपलब्धि अर्जित की और टीम को भी रजत दिलाया। मैसूर की 23 वर्ष की प्रणवी ने तीसरे होल में ट्रिपल बोगी करने के बाद तीन बर्डी लगाए। आखिरी दौर में उन्होंने इवन पार 70 स्कोर किया और चार दिन में कुल स्कोर 15 अंडर 265 रहा। चीन की यिन रूओनिंग ने रजत पदक जीता जबकि सिंगापुर की शैनोन टैन को कांस्य पदक मिला।

शुरुआत में काफी नर्वस थी : प्रणवी

प्रणवी ने जीत के बाद कहा,' मुझे कुछ उपलब्धि हासिल करने वाली पहली खिलाड़ी बनना पसंद है। लोग आगे भी जीतेंगे लेकिन पहली बार जीतने वाला पहला ही होता है।' प्रणवी ने कहा कि वह पूरी रात सो नहीं सकी थी और आखिरी दिन शुरुआत में काफी नर्वस थी ।

गोल्फ में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

यह 1982 दिल्ली एशियाई खेलों के बाद गोल्फ में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उस समय गोल्फ में लक्ष्मण सिंह ने व्यक्तिगत पुरुष स्वर्ण जीता था जबकि अमित लूथरा और राजीव मोहता के साथ टीम वर्ग में भी पीला तमगा हासिल किया था।

टीम ने जीता रजत

प्रणवी, ओलंपियन अदिति अशोक (आखिरी दौर में 67) और दीक्षा डागर (आखिरी दौर में 77) की टीम ने रजत पदक जीता। भारत ने 14 अंडर 546 स्कोर किया। चीन ने 22 अंडर 538 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। अदिति एक डबल बोगी और एक बोगी के बाद लगातार पांच बर्डी लगाकर संयुक्त 14वें स्थान पर रही जबकि दीक्षा संयुक्त 23वें स्थान पर रही।

कुश्ती में भारत की झोली में 6 पदक



अमन को स्वर्ण, अंतिम की चांदी

एजेंसी ▶▶| नागोया

अमन सहरावत ने एशियाई खेलों में अपने कांस्य पदक को स्वर्ण में बदल दिया जबकि महाद्वीपीय खिताब जीतने वाली केवल दूसरी भारतीय महिला पहलवान बनने की अंतिम पंघाल की कोशिश को जापान की मेई मियोका के हाथों हार के साथ निराशा का सामना करना पड़ा।

मियोका ने शनिवार को यहां अंतिम को एकतरफा मुकाबले में शिकस्त दी, जिससे भारतीय पहलवान को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारत ने कुश्ती प्रतियोगिता में छह पदकों (दो स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य) के साथ अपना अभियान समाप्त किया। यह 2023 के हांगझोउ एशियाई खेलों में शीर्ष स्थान से चूकने के बाद भारत के इस प्रतियोगिता में सबसे शानदार प्रदर्शनों में से एक रहा।

अमन ने पुरुषों के 57 किलोग्राम वर्ग में उत्तर कोरिया के चोंग सोंग हान को 10-7 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। यह कुश्ती में भारत का दूसरा स्वर्ण पदक था।

तीरदांजी : नीरज ने रिकर्व स्पर्धा में जीता कांस्य पदक



नागोया। भारतीय तीरंदाज नीरज चौहान ने एशियाई खेलों में पुरुषों की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में अपने हमवतन शीर्ष वरीयता प्राप्त धीरज बोम्मादेवरा को 6-4 से हराकर कांस्य पदक जीता। नीरज ने कांस्य पदक के प्लेऑफ मैच में धीरज को 29-26, 27-28, 28-29, 30-28, 29-28 से हराया। इस तरह से वह तरुणदीप राय के बाद एशियाई खेलों में व्यक्तिगत रिकर्व पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय पुरुष तीरंदाज बन गए।

ओसीए एथलीट समिति में राजेश्वरी शामिल



एजेंसी ▶▶| नागोया

पूर्व भारतीय निशानेबाज राजेश्वरी कुमारी को दक्षिण एशिया के प्रतिनिधि के रूप में एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) की एथलीट समिति में शामिल किया गया। ओसीए एथलीट समिति में अन्य तीन क्षेत्रीय पदों के लिए एशियाई खेलों के दौरान चुनाव कराए गए। राजेश्वरी के नामांकन को पहले ही ओसीए के कार्यकारी बोर्ड से मंजूरी मिल गई थी। पश्चिम एशिया (एक महिला खिलाड़ी), मध्य एशिया (एक पुरुष खिलाड़ी), पूर्वी एशिया (एक पुरुष खिलाड़ी) और दक्षिण पूर्व एशिया (एक महिला खिलाड़ी) से एक-एक प्रतिनिधि का चयन करने के लिए चुनाव कराए गए। पिछले एशियाई खेलों में 34 वर्षीय राजेश्वरी ने महिला ट्रैप टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता था। उन्होंने 2024 में ओलंपिक खेलों में भी भाग लिया था।

ईरानी कप

शेष भारत ने बनाई 265 रन की बढ़त, स्मरण ने ठोका शतक



एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

शेष भारत ने रविचंद्रन स्मरण की सयंम से खेली गई 126 रन की नाबाद पारी की बदौलत शनिवार को ईरानी कप मैच के तीसरे दिन स्टंप तक 8 विकेट पर 306 रन बनाकर जम्मू-कश्मीर के खिलाफ 265 रन की बढ़त हासिल कर ली।

स्मरण ने 131 गेंद की पारी में 15 चौके और पांच छक्के लगाए जबकि सलामी बल्लेबाज सनत सांगवान ने 55 रन बनाए। इससे शेष भारत मजबूत स्थिति में पहुंच गया। मेजबान टीम की ओर से साहिल लोटरा (71 रन देकर 3 विकेट) और उमर नजीर मीर (87 रन देकर 3 विकेट) गेंदबाजों में सबसे प्रभावी रहे, लेकिन भारत के बल्लेबाज ऋषभ पंत (08) और सरफराज खान (शून्य) की नाकामी के बावजूद शेष भारत के बल्लेबाजों ने अपनी टीम को बढ़त दिला दी।

पंत का लगातार दूसरी बार प्रदर्शन निराशाजनक

आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे पंत का लगातार दूसरी बार प्रदर्शन निराशाजनक रहा। उन्हें लोटरा ने पगबाधा आउट कर दिया। इससे पहले पांचवें नंबर पर उतरे सरफराज खराब फुटवर्क के कारण आउट हो गए।शेष भारत की टीम बीती रात जम्मू-कश्मीर से 17 रन से पीछे थी और उसने एक विकेट ही गंवाया था। फिर शेष भारत के सांगवान और सुदीप कुमार घरामी (33) ने अच्छी शुरुआत करते हुए 50 रन की साझेदारी की। बाएं हाथ के सांगवान को दूसरे छोर पर सारांश जैन का साथ मिला और दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 70 रन जोड़कर शेष भारत को आगे कर दिया। सांगवान ने आउट होने से पहले 160 गेंदों में तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 55 रन बनाए।

आइसक्रीम और गणित से किनारा किया था कुमकुम ने

मैदान पर 'अजेय तीरंदाज', बाहर 'चंचल बच्ची', गोल्ड पर साधा निशाना

एजेंसी ▶▶| नागोया

निशाना साधते समय शांत रहने वाली युवा तीरंदाज कुमकुम मोहोद जब अपना धनुष नीचे रखकर आइसक्रीम या गणित को लेकर अपने प्यार के बारे में बात करती है तो उनके भीतर का बच्चा हावी हो जाता है।

महाराष्ट्र की 17 वर्ष की कुमकुम ने एशियाई खेलों में व्यक्तिगत रिकर्व और टीम वर्ग का स्वर्ण जीतकर इतिहास रचा है। उन्होंने फाइनल में पूर्व ओलंपिक चैंपियन और अपनी आदर्श कोरिया की कांग चाएयंग को हराया।



मोबाइल से बनाई दूरी पढाई भी रह गई पीछे

कुमकुम ने जीत के बाद कहा ,'' मुझे आइसक्रीम खाना पसंद है। बटरस्कॉच मेरा पसंदीदा फ्लेवर है। लेकिन 11 सितंबर को यहां आने के बाद से मैने आइसक्रीम नहीं खाई है क्योंकि लक्ष्य पर निशाना था।' उन्होंने कहा, 'मेरी मां ने तीरंदाजी से मेरा परिचय कराया। मैं पढाई में बहुत अच्छी थी और हमेशा 90 प्रतिशत अंक लाती थी। मेरा पसंदीदा विषय गणित था लेकिन अब पढाई पीछे रह गई है।' उन्होंने कहा,' मैं अपना फोन भी इस्तेमाल नहीं कर रही। सिर्फ परिवार, कोचों और टीम से बात करती हूं।'

रिकर्व तीरंदाजी : कुमकुम ने जीता स्वर्ण

नागोया। सत्रह वर्ष की कुमकुम मोहाद ने दबाव में संयम के साथ खेलते हुए एशियाई खेलों की महिला व्यक्तिगत रिकर्व तीरंदाजी स्पर्धा में कोरिया की ओ येजिन को शूटआउट में हराकर स्वर्ण पदक जीता। कुमकुम एशियाई खेलों की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला तीरंदाज बन गई। स्कोर 5-5 से बराबर रहने के बाद कुमकुम ने शूटआउट में 10 स्कोर किया जबकि येजिन आठ ही स्कोर कर सकी। इससे पहले चीन की जिंगयी झू को हराकर फाइनल में पहुंचने के साथ कुमकुम ने लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 के दो कोटा स्थानों में से एक हासिल कर लिया। यह कोटा देश को मिलता है। कुमकुम ने झू को 28-27, 30-30, 29-29, 29-28 से हराया और महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में पदक पक्का करने वाली पहली भारतीय रिकर्व तीरंदाज बन गई। कुमकुम ने पहला सेट 9, 10 और 9 के स्कोर से जीता। दूसरे सेट में दोनों तीरंदाजों ने तीनों निशाने इनर 10 में लगाए। तीसरा सेट भी बराबरी पर रहा। आखिरी सेट में कुमकुम ने 29-28 से जीत दर्ज की।



डीआरआई की महाराष्ट्र में दो बड़ी कार्रवाई: सोने-हीरे और संरक्षित वन्य जीवों के गिरोह का पर्दाफाश

एयरपोर्ट पर 13.5 करोड़ के गोल्ड-डायमंड जब्त, 8 अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट, मुंबई में हाई-टेक दोतरफा तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया है।

इसमें लगभग 12.64 करोड़ रुपए मूल्य का 8.564 किलो 24-कैरेट विदेशी सोना और लगभग 1.09 करोड़ रुपए मूल्य के 1,168.97 कैरेट हीरे ज़ब्त किए गए। एयरपोर्ट के एक कर्मचारी, छह ट्रांज़िट यात्रियों और भारत से बाहर जाने वाले एक भारतीय यात्री सहित आठ लोगों को गिरफ़्तार किया गया है।


जब्त हीरे और सोना

23 कैप्सूल में मोम के रूप में था सोने का बुरादा

डीआरआई अधिकारियों ने चुपचाप नज़र रखी और उन पांचों यात्रियों को तब पकड़ा जब वे ट्रांज़िट एरिया में एयरपोर्ट स्टाफ़ को सोने के कैप्सूल सौंप रहे थे। तस्करी का सोना सौंपने के बाद ये यात्री आगे सिंगापुर और ढाका जाने वाले थे। कस्टम्स एक्ट, 1962 की संबंधित धाराओं के तहत सभी आठ लोगों को गिरफ़्तार कर लिया गया है।

प्राकृतिक और लैब में बने हीरे जब्त

इसके अलावा, 1,168.97 कैरेट हीरे भी बरामद और जब्त किए गए, जिनकी कुल कीमत लगभग 1.09 करोड़ रुपए थी; इनमें 132.17 कैरेट प्राकृतिक हीरे और 1,036.80 कैरेट लैब में बने हीरे शामिल थे। इस ऑपरेशन ने एक बार फिर एयरपोर्ट के ज़रिए सोने की तस्करी में शामिल एयरपोर्ट स्टाफ़ से जुड़े अंदरूनी ख़तरे को उजागर किया है।

हाथी के दांत, तेंदुए की खाल, बरामद, 11 लोग गिरफ्तार

डीआरआई ने खुफिया जानकारी पर आधारित तीन अभियानों में हाथी के दांत से बनी चार चीजें (जिनमें बारीक नक्काशी वाली चीजें भी शामिल हैं), तेंदुए की खाल का एक टुकड़ा, दो जीवित पैंगोलिन, 3 किलो बाघ की हड्डियां और बाघ के दो कैनाइन दांत ज़ब्त किए हैं।

इन तीन अभियानों में ग्यारह लोगों को पकड़ा गया है। हाथी के दांतों के अवैध व्यापार को रोकने के लिए चलाए गए एक अभियान में, डीआरआई अधिकारियों ने एक 'डिकॉय ऑपरेशन' (नकली ग्राहक बनकर की जाने वाली कार्रवाई) किया।


हाथी के दांत, तेंदुए की खाल

गोंदिया जिले में दो लोगों को पकड़ा

महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में पुराडा गांव के पास दो लोगों को रोका। शक था कि वे तेंदुए को मारकर उसकी खाल बेचने की कोशिश कर रहे थे। उन्हें रोकने पर तेंदुए की एक खाल बरामद हुई। तेंदुआ (पैंथेरा पार्डस) वाइल्ड लाइफ (प्रोटेक्शन) एक्ट, 1972 की अनुसूची एक में शामिल है, और बरामद खाल को एक्ट के संबंधित प्रावधानों के तहत जब्त किया गया।

अल्लापल्ली वन में चलाया बड़ा अभियान

महाराष्ट्र के अल्लापल्ली वन क्षेत्र में चलाए गए एक संयुक्त अभियान में, डीआरआई ने लुप्तप्राय वन्यजीवों के अवैध व्यापार में शामिल होने के संदेह में छह लोगों को पकड़ा। इस दौरान एक जीवित वयस्क पैंगोलिन, एक जीवित पैंगोलिन का बच्चा, 3 किलो बाघ की हड्डियां और बाघ के दो कैनाइन (नुकीले दांत) बरामद किए गए। लोगों द्वारा इस्तेमाल की गई दो मोटरसाइकिलें जब्त की।

वायुसेना दिवस से पहले हुए संवाददाता सम्मेलन में हरिभूमि के सवाल के जवाब में बोले-वायुसेना प्रमुख

शहीद विंग कमांडर सिन्हा की पत्नी 13 साल बाद फिर पहनेंगी स्क्वाड्रन लीडर की वर्दी

2021 में जैसलमेर में मिग-21 लड़ाकू विमान हादसे में शहीद हो गए थे विंग कमांडर सिन्हा

स्क्वाड्रन लीडर प्रियंका सक्सेना एक पूर्व वायुसेना अधिकारी हैं, 2013 में स्वेच्छा से छोड़ी नौकरी

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

24 दिसंबर 2021 का वो दिन जब भारतीय वायुसेना की पूर्व अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर प्रियंका सक्सेना के मानो पैरों तले जमीन खिसक गई थी। कारण, उनके पति और वायुसेना के एक फाइटर पायलट (मिग-21 बाइसन) विंग कमांडर हर्षित सिन्हा की जैसलमेर एयरफील्ड के पास हादसे में हुई दुखद मृत्यु थी।

जिसके बाद से प्रियंका लगातार वायुसेना में फिर से शामिल होने की कानूनी लड़ाई लड़ रही थी। लगभग सप्ताहभर पहले सर्वोच्च न्यायालय ने उनके हक में फैसला सुनाया और अब खुद वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी. सिंह ने भी उनकी वायुसेना में पुनः तैनाती पर अपनी मुहर लगा दी है। देश में 8 अक्टूबर को मनाए जाने वाले 94वें वायुसेनादिवस के पूर्व में राजधानी में आयोजित किए गए वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में हरिभूमि ने इस विशेष मामले को लेकर वायुसेनाप्रमुख से एक सवाल पूछा था। जिसके जवाब में उन्होंने शीर्ष अदालत के फैसले को अक्षरशः लागू करने की बात कही है।

अलग खबर



एसएससी रूट से तैनाती सेवा का होगा 11वां वर्ष

वायुसेनाप्रमुख ने कहा कि सर्वोच्च अदालत का इस मामले पर फैसला आ चुका है। जिसका हम पूरी तरह से पालन करेंगे। इतना ही नहीं हमने इसकी शुरुआत भी कर दी है और प्रियंका सक्सेना को वायुसेना में फिर से शामिल होने के लिए जरूरी प्रशिक्षण का आगाज करने के लिए कहा है। इस प्रक्रिया में उनकी मेडिकल, शारीरिक तंदरुस्ती (फिजिकल फिटनेस) और एक सैनिक के रूप में जरूरी जांच शामिल रहेगी। वायुसेना में उन्हें बतौर स्क्वाड्रन लीडर के रूप में ही शामिल किया जाएगा। उनकी सेवा को 11वें वर्ष से शुरू हुआ माना जाएगा। एयरचीफ मार्शल सिंह के इस वाक्य से यह साफ हो जाता है कि अब प्रियंका के पास भविष्य में वायुसेना में सेवा विस्तार या स्थायी कमीशन पाने का विकल्प भी खुल गया है।

2003 में वायुसेना में कमीशन हुई प्रियंका

बता दें कि प्रियंका सक्सेना 2003 में वायुसेना की रसद शाखा में अल्प सेवा कमीशन (एसएससी) अधिकारी के रूप में शामिल हुई थी। जिसके बाद उन्होंने 10 साल का कार्यकाल पूरा किया और 2013 में कार्यकाल विस्तार या स्थायी कमीशन के लिए आवेदन किए बिना अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों का हवाला देते हुए सेवानिवृत्त हो गईं। बाद में 2021 में पति की मौत के बाद उन्होंने 10 साल की सेवा (2 नाबालिग बच्चियों की देखभाल, भविष्य की जिम्मेदारी का भार का मुद्दा शामिल) के आधार पर एक बार फिर से वायुसेना में शामिल होने के लिए आवेदन किया। जिसे बल ने अस्वीकार कर दिया था। फिर मामला सशस्त्र बल न्यायाधिकरण (एएफटी) के पास पहुंचा और वहां से भी कोई राहत नहीं मिली। अंत में प्रियंका ने सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया। एएफटी ने हालांकि सरकार से ये जांच करने के लिए कहा था कि क्या सेवामुक्त होने और बाद में सेवारत कर्मियों की विधवा बनने वाली महिला एसएससी अधिकारियों के लिए कोई नीति बनाई जानी चाहिए?

असाधारण शक्तियों का प्रयोग कर दिया न्याय

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और वी.मोहना की पीठ ने एएफटी के आदेशों के खिलाफ सक्सेना की अपील को स्वीकार किया। साथ ही संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत प्रदत्त अपनी असाधारण शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस मामले में पूर्ण न्याय सुनिश्चित किया। जिसे कोर्ट ने विशिष्ट तथ्यों का मामला बताते हुए ये भी स्पष्ट किया कि भविष्य में इसे मिसाल के रूप में नहीं लिया जाएगा। हालांकि प्रियंका की पात्रता को जायज ठहराते हुए न्यायालय ने कहा कि दो अलग-अलग आधारों पर वो इसके लिए पात्र हैं। जिसमें से एक पूर्व वायुसेना अधिकारी होने के नाते और दूसरा एक वायुसेना अधिकारी की विधवा होने की वजह से उनकी पुनः तैनाती को वैध पाया गया है। अदालत ने यह भी कहा कि उनके दिवंगत पति के राष्ट्र के प्रति योगदान को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

वायुसेना में 1800 से अधिक महिला अधिकारी

गौरतलब है कि वर्तमान में वायुसेना में कुल करीब 1800 से अधिक महिला अधिकारी हैं। यह बल का लगभग 13.69% है। तीनों सशस्त्र सेनाओं में यह आंकड़ा सबसे ज्यादा है। वायुसेना में फ्लाइंग (फाइटर पायलट, नेविगेटर, ट्रांसपोर्ट और हेलिकॉप्टर पायलट) और ग्राउंड ड्यूटी जैसी दो शाखाओं में महिलाएं तैनात हैं। थलसेना में महिला अधिकारियों की संख्या 1 हजार 733 है। जबकि अन्य रैंकों में 100 महिलाएं काम कर रही हैं। नौसेना में महिलाओं का आंकड़ा 1 हजार 306 (अधिकारी 580, अग्निवीर 726) है।

गूगल का नया वॉयस-बेस्ड इमरजेंसी एसओएस फीचर

सिर्फ 'आवाज' से भेज सकेंगे अलर्ट पावर बटन को नहीं दबाना होगा 5 बार

यूजर के लगातार तीन बार हेल्प बोलने पर यह फीचर एक्टिवेट हो जाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टेक कंपनी गूगल अपने एंड्रॉयड यूजर्स की सुरक्षा मजबूत करने के लिए एक नए वॉयस-बेस्ड इमरजेंसी एसओएस फीचर पर काम कर रही है। एंड्रॉयड अथॉरिटी की रिपोर्ट के मुताबिक, इसकी मदद से यूजर सिर्फ अपनी आवाज से चुने हुए कॉन्टैक्ट्स को एसओएस अलर्ट भेज सकेंगे। अभी इमरजेंसी एसओएस एक्टिवेट करने के लिए पावर बटन को पांच बार दबाना पड़ता है। इस सिस्टम में बिना कोई बटन दबाए अलर्ट चला जाएगा और इमरजेंसी में सबसे पहले रिस्पॉन्ड करने वालों को कॉल भी लग जाएगी। यह फीचर अभी सामान्य यूजर्स के लिए रोलआउट नहीं हुआ है, लेकिन इसे पर्सनल सेफ्टी एप के बिल्ड वर्जन 2026.09.16.982745548 में स्पॉट किया गया है। यूजर्स को एसओएस अलर्ट भेजने के लिए हैंड्स-फ्री तरीका चुनने का ऑप्शन मिल सकता है। यूजर के लगातार तीन बार हेल्प बोलने पर यह फीचर एक्टिवेट होगा।

काम की खबर



ओमान के पास टैंकर पर हमला, 5 भारतीय सेफ

नई दिल्ली। ओमान में भारत के दूतावास ने बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य में ओमान के पूर्व में करीब चार समुद्री मील दूर कुवैत के झंडे वाले एक कच्चे तेल के टैंकर पर अज्ञात प्रक्षेपास्त्र से हमला हुआ। इस हमले के बाद पांच भारतीय नागरिकों को सुरक्षित किनारे स्थानांतरित कर दिया गया। दूतावास ने कहा कि उसने एमटी काजीमाह तीन नामक टैंकर पर सवार पांच भारतीय नागरिकों के बचाव कार्य का समन्वय किया। दूतावास ने बचाव अभियान के दौरान ओमान के अधिकारियों की निरंतर सहायता के लिए आभार व्यक्त किया। घटना की जांच शुरू कर दी गई है।



रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने की थी भारत और पीएम मोदी की तारीफ

भारत की कोशिशों के बीच रूस और यूक्रेन युद्ध खत्म करने के प्रयास तेज

पुतिन बोले, शांतिपूर्ण समाधान के लिए मोदी के पास अच्छे विचार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की कोशिशों के बीच रूस और यूक्रेन युद्ध खत्म करने के प्रयास तेज हो गए हैं। भारत-रूस सलाहकार समिति की बैठक में यूक्रेन संघर्ष को खत्म करने और शांति बहाल करने की दिशा में भारत की हालिया कोशिशों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में जयशंकर ने पीएम नरेंद्र मोदी की बिश्केक में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ हुई मुलाकात का जिक्र किया। उस दौरान मोदी ने साफ कहा था कि अब अंतहीन युद्ध का दौर खत्म होना चाहिए।

- बैठक में विदेश मंत्री ने पिछले महीने हुई यूक्रेन यात्रा का उल्लेख किया
- न्यूयॉर्क में रूस और यूक्रेन के विदेश मंत्रियों के साथ हुई उनकी मुलाकातों पर भी चर्चा हुई



युद्ध विराम के प्रस्ताव के विचार को तैयार : यूक्रेन

कीव (भाषा)। यूक्रेन ने रूस के साथ संभावित युद्धविराम के लिए भारत के प्रस्ताव को कीव को मिले चार प्रस्तावों में से "सबसे व्यापक" बताया है। यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्री सिबिहा ने कहा कि उनका देश ऊर्जा बुनियादी ढांचे और काला सागर को लेकर युद्धविराम के प्रस्ताव पर विचार करने के लिए तैयार है। सिबिहा ने कीव में संवाददाताओं से कहा कि'हमारे पास चार प्रस्ताव हैं। इनमें सबसे व्यापक भारत का प्रस्ताव है।

ये कहा था व्लादिमीर ने

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को कहा कि मोदी लगातार यूक्रेन युद्ध खत्म करने की बात उठाते हैं। वह हर मुलाकात में युद्ध रोकने और शांति का रास्ता निकालने पर बात करते हैं। पुतिन ने मॉस्को में वाल्दाई फोरम के दौरान कहा कि मोदी मेरे अच्छे दोस्त हैं, फिर भी वे लगातार यूक्रेन युद्ध खत्म करने की बात उठाते हैं। वे जल्द युद्ध खत्म करने के पक्ष में हैं। इसके लिए उनके पास अच्छे सुझाव हैं। मोदी पांच बार अंतरराष्ट्रीय मंचों पर यूक्रेन युद्ध का मुद्दा उठा चुके हैं।

रूस से 140 नागरिकों की हुई घर वापसी

नई दिल्ली। रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच रूसी सेना में भारतीय नागरिकों की भर्ती का मुद्दा भारत-रूस सलाहकार समिति की बैठक में प्रमुखता से उठा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने बताया कि रूसी सेना में शामिल भारतीयों को जल्द से जल्द वापस लाने के लिए रूसी अधिकारियों से लगातार बातचीत चल रही है और इस मुद्दे को उच्च स्तर पर भी उठाया गया है। अब तक करीब 140 भारतीय नागरिकों को रूसी सेना से मुक्त कराया जा चुका है। वहीं, 55 ऐसे भारतीय नागरिकों के बारे में रूसी अधिकारियों के संपर्क में रहा जा रहा है, जिनके रूसी सेना में होने की जानकारी सामने आई है। भारत में कानून प्रवर्तन एजेंसियां ऐसे धोखेबाज एजेंटों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई कर रही हैं, जो भारतीयों को गुमराह करके रूसी सेना में भर्ती कराने में शामिल हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28